इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 अंक -264 राजनांदगांव, रविवार 11 अगस्त 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# 'वायनाड आपदा सामान्य नहीं', पीएम मोदी ने भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा, पीड़ितों से की मुलाकात



केरल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वायनाड में भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया, अधिकारियों ने प्रधानमंत्री को राहत और बचाव कार्यों के बारे में जानकारी दी. इस दौरान पीएम के साथ राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी भी मौजूद थे।

### पीएम मोदी ने समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वायनाड भूस्खलन घटना और चल रहे राहत प्रयासों पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, इस दौरान केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन भी उपस्थित थे। भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, जब से मुझे इस घटना के बारे में पता चला है, तब से मैं भूस्खलन के बारे में जानकारी ले रहा हूं. केंद्र सरकार की सभी एजेंसियां जो इस आपदा में मदद कर सकती थीं, तुरंत काम पर लग गई. यह आपदा सामान्य नहीं है. हजारों परिवारों के सपने चकनाचूर हो गए हैं. मैंने मौके पर जाकर स्थिति देखी है. मैंने राहत शिविरों में पीड़ितों से मुलाकात की, जिन्होंने इस आपदा का सामना किया. मैंने अस्पताल में घायल मरीजों से भी मुलाकात की।

### प्रधानमंत्री मोदी ने अस्पताल जाकर पीड़ितों से मुलाकात की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन वायनाड में भूस्खलन के पीड़ितों और बचे लोगों से मिलने और बातचीत करने के लिए डब्ल्यूआईएमएस अस्पताल पहुंचे. पीएम मोदी ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### पीएम मोदी ने पैदल चलकर आपदा से हुए नुकसान का आंकलन किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को केरल के भूस्खलन प्रभावित वायनाड जिले पहुंचे और चूरलमाला में पैदल चलकर आपदा से हुए नुकसान का आकलन किया, अधिकारियों ने बताया कि मोदी कन्नूर हवाई अड्डे से वायुसेना के हेलीकॉप्टर के जरिये वायनाड पहुंचे और 30 जुलाई को बड़े पैमाने पर हुई भूस्खलन की घटनाओं से प्रभावित चूरलमाला क्षेत्र में पैदल चलकर नुकसान का जायजा लिया। चूरलमाला में सेना ने आपदा के बाद राहत एवं बचाव कार्यों में मदद के लिए 190 फुट लंबा बेली ब्रिज बनाया है. मोदी नुकसान का जायजा लेते हुए इस पुल से पैदल गुजरे. अधिकारियों के अनुसार, चूरलमाला पहुंचने के बाद मोदी अपने वाहन से उतरे, बचाव कर्मियों, राज्य के मुख्य सचिव वी वेणु और जिले के अधिकारियों से बातचीत की, फिर पैदल ही पत्थरों और मलबे से भरे क्षेत्र का सर्वेक्षण किया।

# संसद के जरिए 'क्रीमी लेयर' फैसले को कर देना चाहिए था रद्द, केंद्र सरकार पर बरसे मल्लिकार्जुन



नई दिल्ली। आरक्षण के मुद्दे पर देश में जारी रार के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया है। खरगे ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, क्रीमी लेयर लाकर आप किसे लाभ पहुंचाना चाहते हैं? क्रीमी लेयर (अवधारणा) लाकर आप एक तरफ अछूतों को नकार रहे हैं और उन लोगों को दे रहे हैं जिन्होंने हजारों सालों से विशेषाधिकारों का आनंद लिया है। मैं इसकी निंदा करता हूं। उन्होंने कहा कि सात न्यायाधीशों की तरफ से उठाया गया क्रीमी लेयर का मुद्दा दर्शाता है कि उन्होंने एससी और एसटी के बारे में गंभीरता से नहीं सोचा है।

### सात जजों की बेंच ने 6:1 बहुमत के साथ सुनाया था फैसले

बता दें कि इस महीने की शुरुआत में, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की बेंच ने 6:1 बहुमत के फैसले में फैसला सुनाया था कि राज्य सरकारों को अनुभवजन्य आंकड़ों के आधार पर एससी सूची के भीतर समुदायों को उप-वर्गीकृत करने की अनुमति है। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस बीआर गवई ने कहा था कि राज्यों को अनुसूचित जातियों (एससी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) के बीच भी क्रीमी लेयर की पहचान करने और उन्हें आरक्षण का लाभ देने से इनकार करने के लिए एक नीति विकसित करनी चाहिए।

### जब तक छुआ-छूत, तब तक आरक्षण होना चाहिए

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, जब तक छुआ-छूत रहेगी, तब तक आरक्षण होना चाहिए और रहेगा। हम इसके लिए लड़ेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा पर आरक्षण खत्म करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। खरगे ने कहा कि सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों का निजीकरण कर दिया है और बहुत सारी रिक्तियां हैं, लेकिन वे भर्ती नहीं कर रहे हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मुख्यमंत्री साय आज नगर प्रवास पर



राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज 11 अगस्त को राजनांदगांव प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 11 अगस्त को दोपहर 12.30 बजे पुलिस ग्राउण्ड हेलीपेड रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.55 बजे पीटीएस हेलीपेड राजनांदगांव पहुंचेगे। मुख्यमंत्री श्री साय दोपहर 1.05 बजे नया बस स्टैण्ड स्थित मिनीमाता की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 1.20 बजे नया बस स्टैण्ड में तिरंगा रैली कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 1.35 बजे नया बस स्टैण्ड से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1.45 बजे सर्किट हाऊस राजनांदगांव पहुंचेगे।

दोपहर 1.45 बजे से दोपहर 2.15 बजे का समय आरक्षित रहेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दोपहर 2.15 बजे सर्किट हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2.20 बजे स्वर्गीय गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 2.20 बजे से 3.20 बजे तक स्वर्गीय गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में ममतामयी मिनीमाता निर्वाण दिवस एवं जिला स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। वे दोपहर 3.20 बजे स्वर्गीय गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 3.30 बजे पीटीएस हेलीपेड राजनांदगांव पहुंचेगे और हेलीकॉप्टर द्वारा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# योगी आदित्यनाथ ने भेजा आमों का टोकरा



मुख्यमंत्री बोले, इन आमों में भी राम की यादें, ऐतिहासिक रूप से उत्तर-प्रदेश और छत्तीसगढ़ की भावनाएं एक

रायपुर (दावा)। उत्तर-प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से उपहार में काकोरी-आमों का टोकरा पाकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उन्हें पत्र लिखकर कहा है- यह उपहार पाकर मैं भावुक और अभिभूत हूं। प्रभु श्रीराम जब भी ननिहाल आते रहे होंगे, तब उनके साथ रसीले आमों के टोकरे भी जरूर आते रहे होंगे, तभी छत्तीसगढ़ के आमों में भी ऐसा ही स्वाद है। वनवास के समय यहां के आम हमारे रामलला को वहां के आमों की अवश्य याद दिलाते रहे होंगे।

उत्तर-प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने काकोरी-आमों के साथ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री साय को भेजे गए पत्र में उत्तर-प्रदेश में आमों के प्रचुर उत्पादन और वहां की लोकप्रिय प्रजातियों का विस्तार से उल्लेख किया है। उन्होंने बताया है कि स्वतंत्रता संग्राम का साक्षी रहा काकोरी आम उत्पादन का भी प्रमुख केंद्र है। उत्तर-प्रदेश सरकार ने आमों का विपणन काकोरी ब्रांड के नाम से शुरू किया है।

मुख्यमंत्री श्री साय को उत्तर-प्रदेश के मुख्यमंत्री से उपहार स्वरूप काकोरी ब्रांड के रसीले और मीठे आम मिले। जवाब में मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री योगी आदित्यनाथ को लिखे पत्र में कहा है- मधुर संदेश के साथ आपके भेजे हुए काकोरी-आम सचमुच बडे ही स्वादिष्ट हैं। उत्तर-प्रदेश की पहचान आमों से भी है और महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से भी। आपने इन दोनों पहचानों को एकाकार करते हुए जो अद्भुत पहल की है, वह प्रेरक है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मान देने का यह श्रेष्ठ तरीका है, इससे हम अपने महान सेनानियों और उस महान संग्राम की यादों को अपने सबसे प्रिय क्षणों में शामिल कर सकेंगे।

श्री साय ने पत्र में लिखा है- ऐतिहासिक रूप से उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ की भावनाएं हमेशा एक रही हैं। उत्तर कोसल और दक्षिण कोसल के रूप में पहचाने जाने वाले दोनों भू-भागों के निवासीगण राजा राम की ही प्रजा हैं। प्रभु श्रीराम का जन्म अयोध्या में हुआ और उनकी माता कौशल्या ने छत्तीसगढ़ में जन्म लिया।

# दंतेवाड़ा में इंद्रावती नदी पार मुठभेड़, एक नक्सली ढेर, हार्डकोर नक्सलियों की सूचना पर निकली थी फोर्स

करीब 25 मिनट दोनों तरफ से हुई गोलीबारी



दंतेवाड़ा। दंतेवाड़ा जिले में इंद्रावती नदी के पार पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में जवानों ने एक नक्सली को मार गिराया है। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हुई है। इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। मामला गीदम थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ईकेली, नेलगुड़ा, तुमनार के आसपास के जंगलों में करीब 10 से 15 की संख्या में नक्सली मौजूद हैं। जिसके आधार पर दंतेवाड़ा से डीआरजी के जवानों को मौके के लिए रवाना किया गया। जब जवान इंद्रावती नदी को पार कर उस इलाके के जंगल में पहुंचे तो यहां पहले से ही घात लगाकर बैठे नक्सलियों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कोलकाता के हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप, फिर हत्या: आरोपी 14 दिन की पुलिस कस्टडी में



आंख-मुंह, प्राइवेट पार्ट से खून बहा, गर्दन टूटी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। कोलकाता के सरकारी अस्पताल में शुक्रवार को एक ट्रेनी लेडी डॉक्टर का शव मिला। इस दौरान लेडी डॉक्टर की गर्दन टूटी, शरीर पर चोट के निशान थे। आंख-मुंह और प्राइवेट पार्ट से खून बह रहा था। डेड बॉडी अर्धनग्न अवस्था में मिली थी। इसे लेकर पश्चिम बंगाल में आक्रोश व्याप्त है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि आरोपियों को फांसी की सजा दिलाएंगे।

आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर पीजी सेकंड ईयर की छात्रा थीं। तीसरे फ्लोर पर सेमिनार हॉल के अंदर लेडी डॉक्टर की डेड बॉडी संदिग्ध हालत में मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि पहले महिला डॉक्टर के साथ रेप किया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई।

ऑटोप्सी रिपोर्ट के अनुसार, महिला डॉक्टर के पेट, बाएं पैर, दाहिने हाथ, गर्दन, छोटी अंगुली और होठों पर चोट लगी थी। चेहरे पर नाखून के निशान थे। दोनों आंखों और मुंह से खून निकल रहा था। प्राइवेट पार्ट से भी खून बह रहा था। उसकी गर्दन की भी हड्डी टूट थी। इससे ऐसा लग रहा है कि आरोपी ने पहले रेप किया और फिर गला घोंटकर हत्या कर दी। हालांकि, पुलिस पूरी पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज

इस मामले में अस्पताल के जूनियर डॉक्टरों ने विरोध प्रदर्शन किया और भाजपा ने राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर ममता सरकार पर निशाना साधा। इस बीच पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)




# अक्टूबर में लागू होगी यूसीसी, सभी निजी कानूनों को कर दिया जाएगा समाप्त




नई दिल्ली। उत्तराखंड में इस साल अक्टूबर में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर दी जाएगी। सूत्रों के मुताबिक यूसीसी लागू करने की दिशा में राज्य सरकार तेजी से काम कर रही है। बीते दिनों मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी संकेत दिए थे कि प्रदेश में जल्द ही यूसीसी लागू किया जा सकता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राज्य सरकार द्वारा पारित विधेयक को इस साल मार्च में ही मंजूरी दे चुकी हैं। यूसीसी के तहत अब राज्य में विवाह, तलाक, उत्तराधिकारी और लिव इन रिलेशनशिप को नियंत्रित किया जाएगा। यूसीसी के लागू होने के बाद प्रदेश के सभी निजी कानूनों को समाप्त कर दिया जाएगा।

### यूसीसी को लेकर क्या बोले थे पुष्कर सिंह धामी

इस संबंध में पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा में कहा था, यह कानून समानता, एकरूपता और समान अधिकार का है। इसे लेकर कई तरह की शंकाएं थीं, लेकिन विधानसभा में दो दिन की चर्चा से सब कुछ स्पष्ट हो गया। यह कानून किसी के खिलाफ नहीं है। यह उन महिलाओं के लिए है, जिन्हें सामाजिक कारणों से परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आगे कहा था, इससे उनका (महिलाओं का) आत्मविश्वास मजबूत होगा। यह कानून महिलाओं के समग्र विकास के लिए है।

### लिव-इन रिलेशन के नियम का विरोध

इसके अंदर शादी से लेकर जमीन-जायदाद में हिस्सेदारी और लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर भी नियम बनाए गए हैं। इस कानून में लिव-इन रिलेशन में रहने वाले जोड़ों को लेकर यह कहा गया है कि वह ऐसी स्थिति में अपना पंजीकरण कराएं ताकि किसी भी विषम परिस्थिति में शासन-प्रशासन के द्वारा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# विनेश फोगाट के रजत पदक पर फैसला टला; अब आज सीएएस कोर्ट सुनाएगा अपना फैसला



नई दिल्ली। विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक में रजत पदक मिलेगा या नहीं नहीं, इसका फैसला अब 11 अगस्त को आएगा। यह जानकारी कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स (सीएएस) ने दी। पहले कहा जा रहा था कि सीएएस भारतीय समयानुसार 9.30 बजे अपना फैसला सुनाएगा, लेकिन कोर्ट ने इसकी समय सीमा बढ़ा दी है।

बता दें कि विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक में 50 किलो फ्री स्टाइल वेट कैटेगरी में कुश्ती लड़ी थी। एक ही दिन में वो ओलंपिक चैंपियन समेत 3 रेसलर को हराने के बाद फाइनल में पहुंचीं थीं। हालांकि, फाइनल बाउट से पहले सुबह उनका वजन 100 ग्राम अधिक निकल गया था। इसी वजह से उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया और वो फाइनल बाउट नहीं लड़ सकीं।

इस वेट कैटेगरी का गोल्ड अमेरिकी रेसलर ने जीता था। इसके बाद विनेश ने खेल कोर्ट में अपील दाखिल की थी। इस पर शुक्रवार को सुनवाई पूरी हो गई। इस मामले में विनेश ने वर्चुअल पेश होकर अपना पक्ष रखा। भारतीय ओलंपिक संघ ने एक बयान में कहा कि उसे विनेश के मामले के सकारात्मक समाधान की उम्मीद है। आईओए के मुताबिक, मामला खेल कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए आईओए केवल यह कह सकता है कि एकमात्र मध्यस्थ डॉ. एनाबेले बेनेट एसी एससी (ऑस्ट्रेलिया) ने सभी पक्षों विनेश फोगट, यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के साथ-साथ आईओए के पक्ष को करीब तीन घंटे तक सुना।÷ विनेश की तरफ से पूर्व सॉलिसिटर जनरल हरीश साल्वे और विदुष्पत सिंघानिया ने दलीलें दीं।

# अनंतनाग में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच एनकाउंटर जारी; सेना के दो जवान शहीद, 3 घायल



जम्मू-कश्मीर। अनंतनाग जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है। इस मुठभेड़ के दौरान अब तक दो जवान शहीद हो गए हैं जबकि तीन घायल हैं। अनंतनाग के अहलान गगरमंडू इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी।

### जवाब में जवानों ने भी की फायरिंग

जानकारी के मुताबिक, अहलान इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ तब शुरू हुई जब आतंकवादियों की ओर से खोजी टीम पर फायरिंग की गई। इसके जवाब में जवानों ने भी फायरिंग की। इससे पहले 6 अगस्त को बसंतगढ़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच शाम 4 बजे के करीब मुठभेड़ शुरू हुई थी। दोनों ओर से दो घंटे तक गोलीबारी हुई। मौसम खराब होने और धुंध के बीच सुरक्षाबलों ने देर शाम तक तलाशी अभियान चलाया। सेना ने जंगल में छिपे आतंकियों की घेराबंदी बढ़ा दी।

### अनंतनाग से तीन आतंकी मददगार गिरफ्तार

इससे एक दिन पहले ही अनंतनाग में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकवादी मददगारों को गिरफ्तार किया था। इनसे हथियार और गोला-बारूद की बरामदगी हुई है। पकड़े गए आतंकी मददगारों की पहचान दाऊद अहमद डार, इम्तियाज अहमद रेशी और शाहिद अहमद डार के तौर पर हुई है। तीनों हसनपोरा तवेला के निवासी हैं।

### डोडा में मुठभेड़ में 5 जवान शहीद हुए थे

वहीं, डोडा में 15 जुलाई को आतंकियों से मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन और पुलिसकर्मी समेत 5 जवान शहीद हो गए थे। 16 जुलाई को डोडा के डेसा फोरेस्ट बेल्ट के कलां भाटा में रात 10.45 बजे और पंचान भाटा इलाके में रात 2 बजे फिर फायरिंग हुई थी। इन्हीं घटनाओं के बाद सर्च ऑपरेशन चलाने के लिए सेना ने जद्दन बाटा गांव के सरकारी स्कूल में अस्थायी सुरक्षा शिविर बनाया था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)



# स्वतंत्रता दिवस पर म्यूनिस्पल हाईस्कूल में झण्डा फहराने जगह नहीं

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी का दानवीर राजा महंत सर्वेश्वरदास द्वारा दान दिए गए स्कूल महंत सर्वेश्वर दास हाईस्कूल जब से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल में तब्दील हुआ है। इसके बुरे दिन आ गए है। आलम यह है कि इसके बहुचर्चित विशाल मैदान को कैप्चर कर वहां लगाए गए ग्रीन ग्रास व बाउंड्रीवॉल के चलते यहां स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस पर झंडा फहराने के लिए जगह नहीं बच पाई है। मजबूरी में स्कूल वालों को स्कूल के उपर छत में झंडा फहराना पड़ रहा है।

बता दे कि कांग्रेस शासनकाल में महंत सर्वेश्वर दास हाई स्कूल के बहुचर्चित विशाल मैदान में ग्रीन ग्रास बिछाकर इसकी पूरी तरह दुर्गति कर दी गई है। देख-रेख के अभाव में मैदान के घास को मवेशी चर गए हैं, वही इसकी सुरक्षा के लिए लगाए गए तार सहित बाउंड्रीवॉल जगह-जगह से गिरे पड़े हुए है। बारिश के दिनों में यहां कीचड़ का साम्राज्य है। मवेशी यहां घुसकर बड़े आराम से ग्रीन ग्रास को चट कर जा रहे है। लेकिन लाखों रूपए खर्च कर यहां खिलाड़ियों के खेलने के लिए लगाए गए ग्रीन ग्रास की सुरक्षा के लिए किसी तरह की व्यवस्था नहीं की गई। आलम यह है कि यह मैदान आज अपने दुर्भाग्य पर आंसू बहाता उजाड़ पड़ा हुआ है जहां प्रायः असामाजिक तत्वों का डेरा बना रहता है। बताया जाता है कि स्कूल छूटने के समय इन तत्वों की यहां पढ़ने वाली छात्राओं पर बुरी नजर बनी रहती है। स्कूल कैम्पस में रखी वाहनें भी आए दिन चोरी होने की शिकायतें है।

### झंडा फहराने की जगह नहीं

बता दे कि महंत सर्वेश्वर दास हाई स्कूल के मैदान को ग्रीन ग्रास बिछाने के लिए कैप्चर कर दिए जाने से यहां दोनों राष्ट्रीय पर्वो में झंडा फहराने के लिए जगह नहीं रह गया है।

यहां झंडा फहराने का स्थान स्कूल के प्रार्थना स्थल के पास ही बना हुआ है लेकिन वह कंटीले तारों से बाउंड्रीवाल कर तिलों से घेर दिए गए जाने से स्कूल वालों को महंत सर्वेश्वरदास स्कूल के ऊपर में झंडा फहराना पड़ता है। बताया जाता है कि अभी वह ग्रीन ग्रास वाला स्कूल मैदान हार्टीकल्चरल वालों के अंडर में है। इसके चलते स्कूल प्रबंधन उक्त मैदान में अनाधिकार चेष्टा नहीं कर पाता। प्रबंधन का कहना है कि इसे स्कूल को सौंप दिया जाए तो यहां पर किसी प्रकार की समस्या नहीं रह जाएगी। आत्मानंद स्कूल संचालित बता दे कि कांग्रेस शासनकाल में जिन स्कूलों को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल में कनवर्ट कर दिया गया था। उन स्कूलों को अब भाजपा शासन में पीएमश्री का नाम दे दिया गया है। आश्चर्य की बात है कि शहर के महंत सर्वेश्वरदास स्कूल में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल अभी भी वही नाम से चल रहा है। इस ओर न तो जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग और न तो भाजपाईयों का ध्यान है। उक्त स्कूल में शिक्षकों की कमी व्याप्त है। वहीं तीन-तीन, चार-चार महिने से वेतन नहीं मिलने सहित स्कूल के टायलेट आदि सहित परिसर में गंदगी व्याप्त रहने की समस्या बनी हुई है। इन समस्याओं के निदान के लिए न तो निगम प्रशासन ध्यान देना चाहता है और न प्रबंधन को चिंता है।



*ग्रीन ग्रास मैदान के लिए पूरे स्कूल को केप्चर किए जाने से स्कूल का बुरा हाल, स्टाफ की कमी, सफाई व्यवस्था का अभाव झेल रहा स्कूल, पीएम श्री स्कूल का अता-पता नहीं, अभी भी संचालित हो रहा स्वामी आत्मानंद स्कूल, पैसे लेकर प्रवेश दिए जाने की शिकायत*

### आत्मानंद स्कूल में पैसे लेकर प्रवेश

विभिन्न अव्यवस्थाओं से घिरे स्वामी आत्मानंद स्कूल में पैसे लेकर प्रवेश देने की भी शिकायत सामने आई है। इससे शहर के बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए महंत राजा सर्वेश्वरदास द्वारा दान में दिए गए महलनुमा भव्य स्कूल की फजीहत हो रही है वही दानवीर राजा की शान में बट्टा भी लग रहा है। बताया जाता है कि आत्मानंद स्कूल में आरक्षित रिक्त सीटों के लिए आन लाइन आवेदन मगाएं गए थे।

डिप्टी कलेक्टर, नोडल अधिकारी व भारी संख्या में पालकों की उपस्थिति में मैनवल लाटरी निकाला गया और चयनित बच्चों का उपरोक्त अधिकारियों से चयनित सूची में हस्ताक्षर लिए गए। लेकिन फर्जीवाड़ा करने वालों ने यहां भी तोड़ निकाल रखा था। इसमें आरक्षित पचास सीटों के लिए पचास बच्चों का चयन हुआ और 9 बच्चों को वेटिंग लिस्ट में रखा गया था। लेकिन अब कक्षा पहली में साठ बच्चों को प्रवेश दे दिया गया। जबकि 9 वेटिंग लिस्ट वाले बच्चे आज भी वेटिंग लिस्ट में अपने प्रवेश का इंतजार कर रहे है। अपने बच्चे को उक्त स्कूल में डालने के लिए ऑनलाईन आवेदन किए ज्ञानेश्वर देवांगन ने दस्तावेजी साक्ष्य सहित इसकी शिकायत कलेक्टर से की है तथा दोषियों पर सख्त कार्यवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि पैसे लेकर प्रवेश ही देना था तो इस व्यवस्था को सार्वजनिक किया जाता जिसके पास पैसे होते वे अपने बच्चों को आत्मानंद स्कूल में प्रवेश दिला देते। शिकायत में यह भी कहा गया है कि इसी प्रकार अन्य कक्षाओं में भी पैसे लेकर सीधे बच्चों को प्रवेश दिया गया है। बहरहाल महंत राजा सर्वेश्वरदास हाईस्कूल के नाम से संचालित रहे उक्त स्कूल को आत्मानंद स्कूल में कनवर्ट किए जाने जाने उपरांत यहां अव्यवस्था की भरमार हो गई है। ऊपर से यहां प्रवेश के लिए पैसे लिए जाने जैसे आरोप लग रहा है। इस पर स्थानीय प्रशासन सहित नगर निगम व नगर के जागरूक लोगों का ध्यान जाना आवश्यक है।

> उपरोक्त वाकया उनके समय का नहीं है और न उक्त घटना उनके संज्ञान में है। फिलहाल व शिक्षा विभाग के जिला परियोजना अधिकारी के रूप में पदस्थ हैं।
>
> **- रश्मि सिंह, पूर्व प्रभारी प्राचार्य, महंत राजा सर्वेश्वरदास म्युनिसिपल हाईस्कूल, राजनांदगांव**

## पहला कॉलम...

### आज श्रीराम मंदिर पदुमतरा से निकलेगी महाकाल पालकी यात्रा

राजनांदगांव (दावा)। श्री राम मंदिर ट्रस्ट समिति एवं समस्त ग्रामवासी पदुमतरा के द्वारा पवित्र पावन सावन मास में बाबा महाकाल की पालकी यात्रा आज 11 अगस्त रविवार को निकाली जाएगी। श्री राम मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया कि सुबह 11 बजे वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा, उसके बाद दोपहर 12 बजे श्री राम मंदिर प्रारंभ से पालकी शोभायात्रा प्रारंभ होकर पूरे गांव में भ्रमण करते हुए होते हुए मंदिर में समापन किया जाएगा। गांव में पहली बार निकल रही पालकी यात्रा को लेकर शिव भक्तों में अपार उत्साह देखा जा रहा है। महाकाल भक्त इसकी तैयारी में जुट गए हैं। श्री राम मंदिर समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने क्षेत्रवासियों व समस्त ग्रामवासियों से यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### जिले भर में उत्साह एवं खुशी से मनाया जा रहा हर घर तिरंगा कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। जिले भर में हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत जनसामान्य में उत्साह एवं खुशी है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर नागरिकों की सहभागिता दिखाई दे रही है। इस अभियान में महिलाएं भी प्रसन्नता से शामिल हो रही गया। हर घर फहराए तिरंगा का यह संदेश खेतों में, चौक-चौराहों, गली-गली, मोहल्ले तक पहुंच रहा है।

### कल नशामुक्त भारत अभियान के तहत दिलाई जाएगी नशामुक्ति प्रतिज्ञा

राजनांदगांव (दावा)। नशामुक्त भारत अभियान के तहत कल 12 अगस्त 2024 को सुबह 9 बजे विकसित भारत मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र की थीम पर सभी विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, अधिकारी-कर्मचारियों एवं जनसामान्य को नशामुक्ति प्रतिज्ञा दिलाई जाएगी।

### आज सोमनी में मिनीमाता पुण्यतिथि पर सम्मान समारोह

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम सोमनी में सतनामी समाज व ग्रामवासियों के तत्वावधान में रविवार को मिनीमाता की पुण्यतिथि पर सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम शाम 4 बजे से मिनीमाता बाजार चौक में होगा। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख होंगे।

वहीं अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल के उपाध्यक्ष कृष्णा तिवारी करेंगे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य टेकूराम साहू, सरपंच लता यादव, ओंकार दास खंडेवार, मधुकर बंजारे, पंकज तिवारी व हरिशचंद गौतम उपस्थित रहेंगे। आयोजक समिति के अध्यक्ष तामेश्वर बंजारे व सचिव अश्वनी बांधे ने बताया कि ममतामयी मिनीमाता की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित कर वरिष्ठ प्रबुद्ध व सम्मानीय जनों का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने समाज व गांव के लोगों को बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# दो दिन में पुलिस ने 15 प्रकरणों में 15 व्यक्ति को किया गिरफ्तार, अन्तर्राज्यीय शराब कोचिया भी पुलिस के हत्थे चढ़े

**राजनांदगांव (दावा)। शहर के बसंतपुर पुलिस ने कल ही कोचियों को शराब उपलब्ध कराने वाले दारु भटठी के मैनेजर को भी गिरफ्तार कर जेल की सीखचों के पीछे भेजा गया है। वहीं आज अवैध शराब बिक्री के 15 प्रकरणों में 15 आरोपियों को धर दबोचा है।**

पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध अंग्रेजी एवं देशी प्लेन शराब 710 पौवा कीमत 73,800 रूपये जप्त की, वहीं आरोपियों से शराब की बिक्री रकम 900 रूपये जप्त किया गया है। सभी आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी में से एक अंतर्राज्यीय शराब कोचिया भी है।



बताया जाता है कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में अवैध रूप से शराब बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु कड़ी कार्यवाही करने के संबंध में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया था जिसके तहत 8-9 अगस्त को दो दिनों में थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 34(2), 34(1) आबकारी एक्ट के 02 प्रकरणों में 274 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 24,660 रूपये, बिक्री रकम 190 रूपये जुमला कीमती 24850 रूपये, थाना लालबाग पुलिस द्वारा 34(2) के 01 प्रकरण में 140 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 12600 रूपये, बिक्री रकम 190 रूपये जुमला कीमती 12790 रूपये एवं 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत 02 प्रकरण, थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा 34 (01) के 01 प्रकरण में 20 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1800 रूपये एवं बिक्री रकम 250 रूपये, जुमला कीमती 2050 रूपये, थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 34(2), 34 (01) के 02 प्रकरण में 212 पौवा अंग्रेजी/देशी प्लेन शराब कीमती 28040 रूपये व बिक्री रकम 900 रूपये जुमला कीमती 29030 रूपये एवं 36(सी) आबकारी एक्ट के 01 प्रकरण, थाना घुमका पुलिस द्वारा 34 (01) के 01 प्रकरण में 16 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1080 रूपयें, ओपी चिचोला पुलिस द्वारा 34 (2) के 01 प्रकरण में 33 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 2970/- रूपये, ओपी सुरगी पुलिस द्वारा 34 (1) के 01 प्रकरण में 15 पौवा देशी प्लेन शराब 1350 एवं बिक्री रकम 270 रूपये जुमला कीमती 1620 रूपये, ओपी तुमड़ीबोड़ पुलिस द्वारा 36(च) आबकारी एक्ट के 01 प्रकरण, थाना गैंदाटोला पुलिस द्वारा 36(च) आबकारी एक्ट के 02 प्रकरण। इस प्रकार दो दिनों में आबकारी एक्ट के कुल 15 प्रकरणों में 15 आरोपियों के कब्जे से 710 पौवा देशी/अंग्रेजी शराब कीमती 72,900 रूपये एवं बिक्री रकम 900 रूपये जुमला कीमती 73,800 रूपये जप्त कर आरोपियो के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही।

### घर में जमाकर रखी थी शराब, ताला तोड़कर जब्ती

राजनांदगांव(दावा)। पदुमतरा निवासी चुरेन्द्र कुमार द्वारा अपने घर में बड़ी मात्रा में शराब जमा कर रखा था। आबकारी विभाग को सूचना मिलने पर आबकारी विभाग द्वारा सरपंच-पंच व कोटवार की उपस्थिति में घर का ताला तोड़वाकर घर में रखे 249 पौवा विदेशी शराब और 27 पौवा अन्य ब्रांड की विदेशी शराब व 25 पौवा देशी शराब की जब्ती की गई।

बताया जाता है कि आरोपी चुरेन्द्र कुमार अधिकारियों के पहुंचने से पहले घर में ताला लगाकर फरार हो गया था। इस मामले में आबकारी टीम ने आरोपी चुरेन्द्र के खिलाफ धारा 34-2 और 59-क के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी की पता तलाशी में जुट गई है।

## कालेजों में सीट खाली, 16 अगस्त तक होगा एडमिशन

**शहर के तीनों प्रमुख कालेजों में दाखिला के लिए मारामारी की स्थिति**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के कॉलेजों में साढ़े 500 सौ के करीब सीटें खाली होने के चलते अब वहां एडमिशन की तारीख बढ़ा दी गई है। बता दे कि पहले कॉलेजों में प्रवेश के लिए 31 जुलाई अंतिम तिथि निर्धारित किया गया था लेकिन सीटें भरी नहीं होने की वजह से शहर के तीनों प्रमुख कालेजों में यूजी और पीजी के कुछ संकायों की खाली सीटों को भरे जाने के लिए एडमिशन की तारीख 16 अगस्त तक बढ़ा दी गई है।

बता दे कि दिग्विजय कालेज में बीएससी की 50 सीटें रिक्त थी वहीं साइंस कालेज में गणित संकाय के यूजी के कुछ सीटें ही खाली है। इसी तरह कमला कालेज में गणित व होम साइंस की 40 सीटें अभी भी खाली है। हालांकि यहां 1000 सीटों के मुकाबले 90 प्रतिशत से ज्यादा सीटों पर प्रवेश हुआ है। इसके बाद भी बी.कॉम में 15 से 20 व गणित व होम साइंस में 40 सीटें खाली है। इसे देखते हुए उच्च शिक्षा विभाग ने एडमिशन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। यूनिवसिटी के नए आदेश अनुसार एडमिशन के लिए गुरूवार 8 अगस्त से पोर्टल खोल दिया गया है। बहरहाल कालेजों में रिक्त सीटों की भर्ती के लिए विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए 16 अगस्त तक एक और मौका मिलने जा रहा है।

### प्रवेश के लिए मारामारी

दिग्विजय कालेज के रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा ने बताया कि उनके यहां रिक्त सीटों पर भर्ती लिया जा रहा है। पोर्टल चालू है इससे विद्यार्थियों की भीड़ दिखाई दे रही है। बता दे कि महाविद्यालयों में काउसिंलिग के आधार पर दाखिला दिया जा रहा है। खास बात यह कि जिला मुख्यालय के दिग्विजय कालेज से लेकर कमला कालेज, शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय सहित आधा दर्जन से अधिक निजी महाविद्यालय संचालित हो रहे है। जिसमें सीटें अभी खाली पड़ी है। तिथि में बढ़ोतरी करने से विद्यार्थी भी कालेजों में पहुंच कर दाखिला ले रहे है। इससे वहां मारामारी की स्थिति बनी हुई है। हालांकि कालेज प्रबंधकों द्वारा प्रवेश की प्रक्रिया तेजी से पूर्ण कराई जा रही है। लेकिन अभी भी पीजी की कक्षाओं में सैकड़ों सीटे खाली बताई जा रही है। एडमिशन की तिथि आगे बढ़ाए जाने से उन सीटों में के भरे जाने की संभावना बढ़ गई है।

# एनबीआईएस बोरी में ओरिएंटेशन सेरेमनी का सफल आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी में नये शिक्षा सत्र 2024-25 की शैक्षणिक गतिविधि की जानकारी हेतु छात्र-छात्राओं के पालकों के लिए शाला परिवार द्वारा ओरिएंटेशन सेरेमनी का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया।

ओरिएंटेशन सेरेमनी के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य शाला में होने वाली समस्त गतिविधियों के साथ पाठ्यक्रम को पालकों को अवगत कराना है ताकि शाला की समस्त गतिविधियों में पालक अपने बच्चों की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित कर सके। शाला में आयोजित इस सेरेमनी में कक्षा नर्सरी से कक्षा बारहवीं तक के सभी छात्र-छात्राओं के पालक शाला में पूरे सत्र होने वाले समस्त गतिविधियों की जानकारी के साथ अपने प्रश्नों को भी साझा किया। शाला की प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी द्वारा पालकों के सवालों का बड़े ही धैर्यता पूर्ण जवाब दिया गया।

इस सेरेमनी में शाला में पूरे वर्ष होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी के साथ ही, शैक्षणिक गतिविधि, समय सारणी, बस सुविधा, खेल, शाला की विविध आयोजनों प्रतियोगिताओं की जानकारी कक्षावार सभी पालकों को दी गई।

शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा पालको का आभार व्यक्त किया गया। अपने उद्बोधन में श्री बाजपेयी ने पालकों द्वारा एनबीआईएस में किए गए अपने भरोसे पर खरा उतरने का विश्वास पालकों को दिलाया गया साथ ही शाला के कार्यो से पालको को अवगत कराया गया। इस पूरे कार्यक्रम में शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, सुश्री कुंतल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान के साथ शिक्षकगण एवं नव प्रवेशित छात्रों के पालकगण उपस्थित रहें।


श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
सुपर स्टार धनुष का एक्शन से भरपूर
रायन
(हिन्दी में)
कलाकार -धनुष, दुशारा विजयन,प्रकाश राज संदीप किशन, कालीदास, एस जयसुर्या आदि
आगामी ता.15
से कहा इही ला कइथे मया कहा इही ला कइथे मया




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com



paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
09th Aug to 14th Aug 2024




Ghuspaithiya (Hindi) - 12:15, 03:15, 06:15 & 09:15 pm
Deadpool & Wolverine 2D (Hindi) - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Kalki (Hindi) - 06:00 and 09:00 pm
Handa (C.G) - 12:00 and 03:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200


### आज जिला संयुक्त सेवा भजन मानस मंडल की बैठक

राजनांदगांव (दावा)। जिला संयुक्त सेवा भजन मानस मंडल की पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी की बैठक आज 11 अगस्त दिन रविवार को स्थानीय शिव मंदिर सारथी पारा, दोपहर 2 बजे रखा गया है उक्त बैठक में आगामी स्वतंत्रता दिवस 2024 के बारे में चर्चा रखा गया है। संघ के अध्यक्ष मनसुख सोनकर ने संघ के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है। उक्त जानकारी संघ के सचिव अशोक सारथी ने दी।






## जयभवानी व्यायाम शाला में नागपंचमी धूमधाम से मनाया गया



राजनांदगांव (दावा)। जय भवानी व्यायाम शाला में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नागपंचमी की शुभ अवसर पर व्यायाम शाला में उपकरणों, हनुमान जी तथा व्यायाम शाला की बहुत पुरानी गोदा का भी पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर व्यायाम शाला के संरक्षक व छत्तीसगढ़ भारोत्तोलन संघ के उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, डोमन महोबिया, बबला यादव, सचिव शेख वशिम, विवेक रंजन सोनी, व्यायाम शाला व जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष अमित आजमानी विश्व हिन्दु परिषद के नन्दु साहू व अनुप श्रीवास की विशेष रूप से उपस्थित थे इनके अतिथि में सम्पन्न हुए। इस अवसर पर जय भवानी व्यायाम शाला के अध्यक्ष अमित आजमानी ने बताया कि व्यायाम शाला में कई सालों से नागपंचमी में पूजा अर्चना की जा रही है व वेट लिफ्टिंग व बॉडी बिल्डिंग का प्रदर्शन किया जाता है तथा प्रदर्शन करने वाले बॉडी बिल्डर व वेट लिफ्टर खिलाड़ी व कोच को व्यायाम शाला द्वारा विशेष सम्मान दिया जाता है। आजमानी जी ने कहा कि व्यायाम शाला में वेट लिफ्टर व बॉडी बिल्डर खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करके व्यायाम शाला, जिला, छत्तीसगढ़ व भारत का नाम रोशन कर रहें है। इस सफल आयोजन के लिए व्यायाम शाला के प्रशिक्षक, व्यवस्थापक, पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य व खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी।

इस नागपंचमी के शुभ अवसर पर व्यायाम शाला के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य व खिलाड़ी उपस्थित रहे। सहसचिव नीरज शुक्ला, अशोक श्रीवास, दीपक ठाकुर, रामा यादव, नितीन शर्मा, भरत साहू, गोलू यादव, मनीष तिवारी, चोवा राम सोनकर, नाहिद अख्तर, नोमेन्द्र यादव, रवि गुप्ता, दिनेश राजपूत, अरूण गुप्ता, रूपेश यादव, आदि सदस्य उपस्थित थे। इस नागपंचमी के शुभ अवसर पर निम्नलिखित खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किये - राज सोनकर, संदीप साहू, प्रियमवदा, शुभम वाघेला, चंचल सोनी, मुस्कान पटेल, तेजेस यादव, भूमिका यादव, प्रिया यादव, तानी यादव, पंखुड़ी टांक, वीर ठाकुर, पियूष यादव, लतिका विश्वकर्मा, महजबीन खान, आकृति राजपूत, खुशी रंगारी, जानवी साहू, विरेन्द्र यादव, जानेश विश्वकर्मा, समृद्धि शुक्ला, रूषना फरहिन, मुस्कान यादव, रिषीराज, लक्की सोनकर, प्रितम देवांगन, कौशेन अख्तर, मौलेश यादव, दुर्गेश सोनवानी, खेमन साहू, तुषार सोनखुसरे, अजय यादव, विवेक साहू, सनोज राजपूत, अमन यादव, रोहित यादव, रोहित यदु। यह जानकारी जय भवानी व्यायाम शाला के सह-सचिव अशोक श्रीवास व नीरज शुक्ला ने दी।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.

459-8 160-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# जनहित मुद्दों पर कांग्रेस जमीनी लड़ाई लड़ने तैयार: दीपक बैज

राजनांदगांव (दावा)। क्रांति दिवस एवं आदिवासी दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का शुक्रवार 09 अगस्त को राजनांदगांव शहर आगमन हुआ। इस दौरान कांग्रेसजनों द्वारा पटाखे फोड़कर पुष्पमाला से स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री बैज न्यू सर्किट हाउस बसंतपुर में कांग्रेसजनों की बैठक लेकर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई। तत्पश्चात शहर के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का 06 अगस्त शुक्रवार को एक दिवसीय राजनांदगांव शहर प्रवास में आए थे। न्यू सर्किट हाउस पहुंचने पर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज का शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत कर विश्व आदिवासी दिवस की बधाई दी। इस दौरान पीसीसी अध्यक्ष के साथ संगठन महासचिव एवं प्रशासन मलकीत सिंह गैंद विशेष रूप से मौजूद रह। न्यू सर्किट हाउस



में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को पीसीसी अध्यक्ष ने विश्व आदिवासी दिवस की बधाई देते हुए बैठक लेकर राजनीतिक हालातों पर चर्चा कर आगामी कार्यक्रमों के संबंध में विचार-विमर्श किए एवं आने वाले नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए एकजुटता के साथ जनहित के मुद्दों पर सत्ता पक्ष को घेरने की बात कहीं। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि आने वाले 14 अगस्त को कांग्रेस द्वारा प्रदेश के हर वार्डों में संविधान यात्रा निकालेगी वहीं 16 अगस्त को गोवंश सत्याग्रह के अंतर्गत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार भाजपा सरकार की नाकामी के कारण सड़क पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा रहता है जिसके कारण कई बार दुर्घटनाएं हो जाती है इसको लेकर प्रदर्शन किया जाएगा।

**नगरीय एवं पंचायत चुनाव के लिए कांग्रेस तैयार, प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को किया चार्ज**

श्री बैज ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आते ही पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था ठप हो चुकी है। भाजपा राज में आदिवासी भाई सुरक्षित नहीं है, उनका जल, जंगल छीना जा रहा है। निर्दोष बस्तर के आदिवासियों को फर्जी नक्सली बनाकर उन्हें मारा जा रहा, प्रताड़ित किया जा रहा, जेल भेजे रहे हैं। जो इस सरकार ने पूर्व में 15 साल किया है वही आज भी कर रहे हैं। बैठक पश्चात पीसीसी अध्यक्ष स्टेट हाईस्कूल स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले क्षेत्र के वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद रामनगर वार्ड नं. 07 में आयोजित वृहद पौधरोपण समारोह में शामिल हुए जहां पर वार्डवासियों व कांग्रेसजनों से वृक्षारोपण के फायदे गिनाकर अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। तत्पश्चात पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज शहर कांग्रेस महामंत्री एवं पूर्व एल्डरमेन झम्मन देवांगन के पुत्र मयंक देवांगन के निधन पश्चात निवास मोतीपुर वार्ड नं. 03 पहुंचकर शोक संतृप्त परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया। इसके बाद पीसीसी अध्यक्ष श्री बैज रामाधीन मार्ग स्थित महापौर निवास पहुंचे जहां पर महापौर हेमा देशमुख व परिजनों से भेंट मुलाकात की। इसके बाद पीसीसी अध्यक्ष प्रदेश महामंत्री शाहिद खान के कार्यालय स्टेशन पारा गए।

# कुकरापाठ पिकनिक मनाने गए नगर के नवयुवक की आमनेर नदी में डुबने से मौत



खैरागढ़ (दावा)। कुकरापाठ पिकनिक मनाने गए, नगर के 20 वर्षीय युवक की आमनेर नदी में डुबने से मौत हो गई। कुकरापाठ गातापार जंगल थाना क्षेत्र अंतर्गत वनांचल में आता है। जानकारी अनुसार सिविल लाईन निवासी पियूष आर्या पिता अजय आर्या (कल्लू) अपने 4 दोस्तों के साथ जिम से निकलकर घरवालो को बिना बताए पिकनिक मनाने कुकरापाठ शनिवार की सुबह कार से गातापार जंगल लांजी मुख्यमार्ग में स्थित कुकरापाठ पहुंचा था। घुमने फिरने के बाद पियुष आर्या अपने 4 साथियों के साथ आमनेर नदी में नहाने उतरा। उसी दौरान दोपहर 2:30 बजे अचानक वह नदी की गहराई में डूब गया। उसके साथियों ने उसे बचाने की कोशिश भी की वही उन्होंने आसपास डूबते हुए अपने दोस्त को बचाने मदद के लिए गुहार भी लगाई। जब तक पियुष आर्या नदी में गुम हो चुका था। वही घटनाक्रम की जानकारी कुकरापाठ मंदिर के पुजारी को मिलने के बाद गातापार जंगल के पुलिस को इसकी सूचना दी। जिसके बाद एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। टीम युवक के शव को पानी में तलाश रही है समाचार लिखे जाने तक शव नहीं मिल पाया है और युवक के शव को गोताखोरो के व्दारा पानी में तलाश करने जुटी हुई है, वही पियूष आर्या के परिजनों सहित उनके अड़ोसी पड़ोसी व मित्रगण स्पाट पर मौजूद है। जानकारी अनुसार पियूष आर्या अपने चार दोस्तो अभय, अंशुमन, सुजल और श्रेयांश के साथ चंगुर्दा से कुछ आगे कुकरापाठ पास पिकनिक मनाने गया था। कुकरापाठ से बहकर आमनेर नदी में इन दिनों भारी बारिश होने के कारण पानी का भराव अधिक है। पिकनिक मनाने पहुंचे युवकों को वहां पर उपस्थित मंदिर के पुजारी ने नदी में नहाने से मना किया था। लेकिन वे नहीं माने, फिर भी पुजारी के द्वारा युवकों को हिदायत भी दी गई कि कमर से नीचे पानी में न उतरे, लेकिन पियूष ने पुजारी की बात नहीं मानी और नदी के गहरे जल में वह हमेशा-हमेशा के लिए खो गया। इस घटनाक्रम की समाचार मिलते ही नगर के सिविल लाईन स्थित पूज्य सिंधी समाज सहित नगर में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक पियूष आर्या नगर के समाजसेवी व प्रतिष्ठित कारोबारी विकास आर्या का भतीजा है। वनांचल क्षेत्र व अंधेरा होने के कारण युवक का शव नहीं मिल पाई है, वही एसडीआरएफ की टीम व परिजन घटनास्थल से वापस लौट आए हैं और रविवार की सुबह 7:30 बजे से फिर से युवक की तलाश में टीम जुटेगी।

# अवैध रूप से गाँजा बिक्री का मामला आरोपी को छः वर्ष के सश्रम कारावास एवं 55 हजार रूपये के अर्थदंड की सजा

राजनांदगाव (दावा)। न्यायालय विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट), राजनांदगाँव पीठासीन न्यायाधीश डी.आर. देवांगन द्वारा विचारण उपरान्त अवैध रूप से गांजा बिक्री के एक मामले में आज 09 अगस्त को फैसला सुनाते हुए अभियुक्त के विरूद्ध आरोप साबित पाये जाने पर अभियुक्त मो. सनी पिता मो. लाला, उम्र 25 साल, निवासी ब्लाक नं. 06, बड़ी बाजार सतना थाना कोतवाली सतना, जिला सतना (मध्यप्रदेश) को धारा 20 (ख) (ii) स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 के अधीन 06 वर्ष (छः वर्ष) का सश्रम कारावास तथा 55000 रूपये (पचपन हजार रूपये) का अर्थदंड तथा अर्थदंड अदा न किये जाने की दशा में 04 माह का सश्रम कारावास की सजा अतिरिक्त भुगताये जाने का दण्डादेश पारित किया गया।

मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक (एनडीपीएस एक्ट) राजनांदगाँव धन्नूलाल सेन ने बताया कि, थाना सोमनी को दिनाँक 20.09.2023 को मुखबिर के जरिये सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम इंदावानी चौक यात्री प्रतिक्षालय के बाजू में एक 20-25 वर्ष का लड़का मेहरून कलर का बैग लेकर किसी का इंतजार कर रहा है। बैग में संभवतः गांजा रखा हुआ है और गांजे का अवैध कारोबार करने वाला लग रहा है। उक्त सूचना पर एनडीपीएस के प्रावधानों के अनुरूप कार्यवाही करते हुये सोमनी थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णा पाटले के निर्देश पर सोमनी के उप निरीक्षक जलालुद्दीन खान, सउनि इसराफिल खान, आर. बीसराम वर्मा, आरक्षक शहबाज सिद्दीकी, आरक्षक विकास राजेत्री मौका रवाना हुये। मौके पर घेराबंदी कर व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मो. सनी पिता मो. लाला बताया और गांजा को अपने पास बिक्री करने हेतु रखना बताया। विधिवत् कार्यवाही करते हुये आरोपी के कब्जे से 11 किलो 925 ग्राम कीमती 1,20,000 रूपये बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी मो. सनी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया तथा संपूर्ण जांच उपरान्त अभियोग पत्र विचारण हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था।

# श्री आगम सागर एवं 108 श्री पुनीत सागर महाराज का 21वां दीक्षा दिवस मना

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय दिगंबर जैन मंदिर गंज लाइन में विराजमान दिगंबर मुनि श्री आगम सागर एवं मुनि श्री पुनीत सागर महाराज का गुरु उपकार दिवस 'दीक्षा दिवस' को पूरे जैन समाज ने सानंद हर्षोल्लास के साथ आचार्य गुरुवर समाधिष्ठ सम्राट 108श्री विद्यासागर महाराज एवं आचार्य श्रेष्ठ 108 श्री समय सागर महाराज की पूजन भक्ति करते हुए मनाया। दिगंबर जैन समाज के सूर्यकांत जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि तिथि अनुसार आज 10 अगस्त को मुनिश्रेष्ठ आगम सागर महाराज एवं पुनीत सागर महाराज का 21वा दीक्षा दिवस है और उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में दिगंबर जैन समाज में बहुत सालों बाद किसी मुनि का चातुर्मास होने का सौभाग्य मिला है। जैन समाज को यह सौभाग्य आचार्य श्रेष्ठ समय सागर महाराज के आशीर्वाद से राजनांदगांव को श्रेष्ठ मुनि आगम सागर महाराज मुनि श्री पुनीत सागर महाराज के एवं एलक श्री धैर्य सागर महाराज का पावन वर्षा योग चातुर्मास का लाभ मिला है और इस बीच हम सभी को उनके गुरु उपकार दिवस 'दीक्षा दिवस' मनाने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ है।

सूर्यकांत जैन ने बताया कि आज प्रातः जब मुनि श्री सुबह अपने प्रतिक्रमण नृत्य क्रिया आदि करने के पश्चात जैसे ही अपने कक्ष से निकले तो समाज के युवा साथियों ने लखोली नाका एवं गंज चौक एवं जैन मंदिर के सामने गंज लाइन आदि स्थानों पर मंच बनाकर गुरुवर का पाद प्रक्षालन दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष अशोक झंझरी, पी सी जैन, सचिव रविकांत जैन, चातुर्मास समिति के अध्यक्ष अनिल बड़कुल, प्रकाशचंद जैन



पप्पू भैया, शरद जैन, पंकज निक्की जैन, रानू जैन की अगुवाई में क्रमशः आदर्श जैन महिला मंडल, जैन बालिका मंडल एवं जैन श्रमण संघ, नवयुवक मंडल ने किया। साथ ही जैन समाज के सभी घरों में आज रंगोली सजाई गई एवं समाज के बालिका मंडल द्वारा दीक्षा दिवस पर मनमोहन नृत्य द्वारा दीक्षा के महत्व को प्रदर्शित किया गया। इसके पश्चात आज ही के दिन राजनांदगांव के मूल लायक भगवान 1008 श्री नेमिनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव मनाया गया। भगवान श्री नेमिनाथ का तप एवं जन्म कल्याणक महोत्सव में भगवान का महामास्ताभिषेक एवं शांति धारा मुनि श्री आगम सागर महाराज के मुखारविंद से करवाई गई। जिसमें सौधर्म इंद्र बनकर मंदिर नव निर्माण समिति के अध्यक्ष पीसी जैन, दुर्ग से पधारे पवन जैन ,मनोज सिद्धार्थ जैन, दीपक आरती जैन ने विशिष्ट पात्र बनकर भगवान की अभिषेक एवं शांति धारा का धर्म लाभ लिया। इसके पश्चात समाज के सभी पुरुष वर्ग ने भगवान नेमिनाथ का अभिषेक पूजन किया।

सूर्यकांत जैन ने बताया कि इसके पश्चात आचार्य भगवान विद्यासागर महाराज का पूजन पुरे सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ जैन समाज की महिलाओं बालिकाओं की धार्मिक प्रस्तुति के साथ की गई इसके पश्चात श्री आगम सागर महाराज के प्रवचन सुनने का सौभाग्य सभी को प्राप्त हुआ उन्होंने अपने आज के मंगल प्रवचन में कहा कि हमारे गुरु ने हमें अपना दिगंबर स्वरूप देकर हमें भी मोक्ष मार्ग पर चलने की राह दिखा कर हमारे जीवन को सार्थक कर दिया। हमारे जीवन का एक ही उद्देश्य गुरु के बताए मार्ग पर चलते हुए पूरा जीवन उनकी कही हुई बातों को पूरा करने में लगा दें मुनि श्री आगम सागर महाराज ने आज गुरु उपकार दिवस पर कहा कि आचार्य भगवन विद्यासागर ने हमें अपना समझने से भी ज्यादा दिगंबर स्वरूप प्रदान कर अपने में मिला लिया। यह कहते हुए वह अपने गुरु को याद कर भाव विह्वल हो गए।

इसके पश्चात आज शाम को भगवान नेमिनाथ एवं आचार्य विद्यासागर महाराज एवं आचार्य समय सागर महाराज की महाआरती नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजित की गई जिसमें समाज की श्रीमती टीना जैन ने अपनी सुमधुर आवाज से सभी उपस्थित जन समुदाय को भगवान नेमिनाथ की भक्ति में डुबो के रखा इसके पश्चात सभी उपस्थित जनों को मुनि श्री आगम सागर महाराज एवं पुनीत सागर महाराज की दीक्षा को लेकर धर्म प्रभावना के लिए एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म गुरु भक्त चंद्रकांत जैन के सहयोग से बनाई गई, जिसका प्रस्तुतीकरण जैन धर्म की वैराग्य की महिमा को जन-जन तक पहुंचाने एवं धर्म प्रभावना के लिए किया गया। उक्त संपूर्ण कार्यक्रम एलक श्री धैर्य सागर महाराज के मार्गदर्शन में सानंद संपन्न हुआ।

# ब्राह्मण सभा भवन में नागपंचमी पर पौधारोपण कर उसे संरक्षण करने का संकल्प लिया

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ी सरयूपारीय ब्राह्मण सभा भवन कौरिनभांठा मे सावन मास के पावन पर्व पर नागपंचमी के शुभ दिन में समाज के पदाधिकारियों, सदस्यों और प्रबुद्धजनों ने अपने एक पौधा पूर्वजों के स्मरण में फलदार,



फूलदार और धार्मिक प्रायोजन के लिए एवं पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण पौधों का रोपण कर उसे संरक्षण करने का संकल्प लिया। भविष्य में जन-जन तक पहुंचाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इस शुभ अवसर पर पूर्व सांसद अशोक शर्मा, समाज के अध्यक्ष शरद तिवारी, सचिव महेन्द्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष अभ्यूदय पाण्डेय पूर्व पार्षद व अधिवक्ता नवीन शर्मा, उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, आलोक तिवारी (चिराग), अनीश तिवारी, अजय तिवारी, भारत भूषण दुबे, पोषण शुक्ला, सौरभ तिवारी, शुभांशु तिवारी, दीपेश चौबे, अरविन्द तिवारी, उमेश मिश्रा, आलोक श्रोती, दिनेश तिवारी शिक्षक, दिनेश तिवारी बिजली विभाग, विवेक तिवारी, अथर्व शुक्ला, विवांश शुक्ला, रोहित तिवारी, अखिल शर्मा, अशोक शुक्ला, आशुतोष शर्मा, अजय तिवारी, अजय शर्मा, आशय तिवारी, विशु तिवारी और विष्णु नंद चौबे आदि की उपस्थिति रही।

महिला समाज से अध्यक्ष श्रीमती शकुन तिवारी, श्रीमती प्रीति आलोक तिवारी, श्रीमती श्रुति अनीस तिवारी, श्रीमती सरिता चौबे, श्रीमती वंदना तिवारी, श्रीमती प्रभा शुक्ला, श्रीमती अर्चना शुक्ला, श्रीमती जयंती तिवारी, श्रीमती संध्या तिवारी, श्रीमती रोशनी तिवारी, श्रीमती ममता द्विवेदी, श्रीमती दीपिका शुक्ला, श्रीमती रचना चौबे, कु. अपूर्वा द्विवेदी, आम्या तिवारी, श्रीमती खुशी तिवारी आदि उपस्थित रहे। भवन में 5 नग बेल का पेड़, 6 नग आंवला का पेड़, 2 नग शमी का पेड़, 1 नग आम का पेड़, 1 नग नारियल का पेड़, 2 नग पिपल का पेड़, 2 नग बरगद का पेड़, 1 नग कटहल का पेड़, 1 नग अनार का पेड़, 2 नग पारीजात का पेड़, 1 नग चम्पा फूल का पेड़, 1 नग केला का पेड़, 4 नग गुलमोहर का पेड़ लगाया गया।

# तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे झुग्गी झोपड़ी के कार्यकर्ता - मनोज निर्वाणी



राजनांदगांव (दावा)। जिला भारतीय जनता पार्टी के निर्देशन में भाजयुमो द्वारा निकल जा रहे तिरंगा यात्रा में राजनांदगांव जिला भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य शामिल होंगे जिला संयोजक मनोज निर्वाणी ने बताया कि इस कार्यक्रम को हरी झंडी विधानसभा अध्यक्ष तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा झंडा दिखाकर रवाना किया जाएगा कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए जिला संयोजक मनोज निर्वाणी ने समस्त झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं से निवेदन किया है।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल से निकली हर घर तिरंगा यात्रा

डोंगरगांव (दावा)। हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत 10 अगस्त को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगांव के छात्र-छात्राओं द्वारा बैंड बाजा के साथ नारे के साथ तिरंगा लहराते हुए रैली निकाली गयी। हर घर तिरंगा रैली शाला प्रांगण से आरंभ होकर पुराना बस स्टैंड से सदर लाइन, फव्वारा चौक होते हुए वापस शाला में समापन किया गया। रैली में चल रहे विद्यार्थियों के लिए नगर पंचायत डोंगरगांव द्वारा पेयजल एवं बिस्किट की व्यवस्था किया गया। रैली में विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर.एल.पात्रे, एबीओ क्षितिज सोरी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी डी.एस.पाल एवं संस्था के प्राचार्य बी.एल.देवांगन वरिष्ठ व्याख्याता आर.के. गणवीर, वाय.आर.कोठारी, शैलेश कुमार सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित हुए।

# आज से वन विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी रहेंगे अनिश्चित कालीन हड़ताल में



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के वन विभाग, छ.ग. राज्य लघु वनोपज संघ, छ.ग. राज्य वन विकास निगम, छ.ग. राज्य वनौषधि पादप बोर्ड, छ.ग. राज्य वन अनुसंधान, कैम्पा में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी, कम्प्युटर आपरेटर, वाहन चालक, तेन्दुपत्ता गोदाम सुरक्षा श्रमिक, दैनिक श्रमिक, सुरक्षा श्रमिक लोग अपनी लंबित 09 सूत्रीय मांगो को लेकर 11अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल में जा रहे है। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी हड़ताल में जाने से पहले 25 दिन पूर्व से प्रधान मुख्य वन संरक्षक, प्रबंध संचालक, अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री, वनमंत्री, वित्तमंत्री ज्ञापन सौंपे थे किन्तु समस्या का हल नहीं किया।

दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी, उपमुख्य मंत्री अरूण साव, विधान सभा अध्यक्ष रमन सिंह, श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के बंगला का 04 अगस्त को घेराव किया था उसके बाद भी कोई पहल नही किया गया। संगठन के पदाधिकारियों एवं प्रांत अध्यक्ष राम कुमार सिन्हा नें वन मंत्री से मिलकर बार बार निवेदन किया किन्तु सकारात्मक पहल ही नही किया गया जिसके कारण नाराज दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने दिनांक 11 से अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने का निर्णय लिया और अनिश्चितकालीन हड़ताल में जा रहे है। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के हड़ताल में चले जाने से विभाग के काम काज बहुत ही प्रभावित होंगें, प्रधान मुख्य वन संरक्षक को गंभीरता पूर्वक होकर मांगों को पुरा करने का प्रयास करना चाहिये। पुरे छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, वाहन चालक, कम्प्युटर आपरेटर, कार्यालय सहायक, दैनिक श्रमिक, सुरक्षा श्रमिक, तेन्दुपत्ता गोदाम सुरक्षा श्रमिक हड़ताल में शामिल होने तुता धरना स्थल पहुंचेंगें। देखना यह है कि अब मुख्यमंत्री, वनमंत्री, अपर मुख्य सचिव वन, प्रधान मुख्य वन संरक्षक कितना गंभीरता पूर्वक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के मांगो को पहल करने का प्रयास करते है। 09 अगस्त को छत्तीसगढ़ दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी संघ के प्रदेश पदाधिकारी व संभाग तथा जिला पदाधिकारियों ने राजनांदगांव में विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर मांगो को जल्द पुरा करने हेतु निवेदन भी किया है, जिसमें उनके द्वारा वन, मंत्री से बात करके पहल कराने का आश्वासन दिया गया है। यह जानकारी जिला अध्यक्ष सोमन राव छत्तीसगढ़ दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी संघ ने दी।

# संस्कारधानी में देश के लिये तिरंगा लेकर निकलेगी चौथी कांवड़ यात्रा

राजनांदगांव (दावा)। इस वर्ष का सावन मास अपने अंतिम चरण की ओर अग्रसर हो रहा है। तीन सावन सोमवार निकल चुके है जिसमें संपूर्ण राष्ट्र शिवमय हो चुका है। संस्कारधानी भी भगवान भोलेनाथ की भक्ति के रस में सराबोर है, श्री बागेश्वर धाम कांवड़ यात्रा भी, शिव भक्ति के साथ-साथ भारतीय, सेना, हॉकी खिलाड़ियों को समर्पित मूकबधिर बच्चों के कल्याण हेतु यात्रा निकल चुकी है। चौथी कांवड़ यात्रा जो कि हमारे स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के पूर्व पड़ रही है। 12 अगस्त चौथे सोमवार को हमारे देश के लिये बागेश्वर धाम कांवड़ यात्रा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के साथ शिवभक्तों द्वारा निकाली जावेगी। उक्त जानकारी देते हुए श्री बागेश्वर धाम मंदिर के सेवक पंकज गुप्ता, राकेश ठाकुर, विजय गुप्ता, भावेश अग्रवाल, निकुंज सिंघल, राजेश शर्मा, सौरभ खंडेलवाल व सूरज गुप्ता ने बताया कि चौथी कांवड़ यात्रा हमारे राष्ट्र भारत के लिये समर्पित होगी, देश की खुशहाली व विश्व में अग्रज की भूमिका निभाने संपूर्ण भारतवासियों के कल्याण की कामना से कांवड़ यात्रा शिवभक्ति व देशभक्ति का अनोखा सामंजस्य कर अद्भूत अलौकिक दृश्य के साथ निकाली जावेगी।



**शहरवासियों से पुष्पवर्षा कर शामिल होने का आग्रह**

कांवड़ यात्रियों के साथ-साथ महाविद्यालयीन शालेय छात्रों, संस्कारधानी के आम नागरिकों, खिलाड़ियों से भी तिरंगे लेकर कावड़ यात्रा में शामिल होने का आग्रह श्री बागेश्वर धाम मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट व शिव भक्तों द्वारा किया गया है आम नागरिकगण, देशभक्ति व शिवभक्ति के अलौकिक दृश्य हेतु तिरंगे लेकर कांवड़ यात्रा में प्रातः 5:30 श्री बागेश्वर मंदिर या 7 बजे नंदई चौक से अवश्य शामिल हो। कांवड़ यात्रा शिवनाथ नदी से नंदई चौक, सदर थाना, दुर्गा चौक, मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाईन, गुड़ाखू लाईन, जी.ई. रोड से श्री बागेश्वर धाम मंदिर पहुंचेगी। कावड़ यात्रा के मार्ग में शिवभक्तगण से तिरंगे लिये कांवड़ यात्रियों का पुष्प वर्षा कर अभिनंदन करने का आग्रह है। कांवड़ यात्रियों द्वारा देश की खुशहाली व तरक्की की कामना से भी भगवान शिव को जल अर्पण किया जावेगा। समस्त संस्कारधानी वासियों से देश के लिए तिरंगा कांवड़ यात्रा में शामिल होने का अनुरोध है। उक्त जानकारी श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट के सेवक अभय गुप्ता द्वारा दी गई।

# बच्चों के लिए तिरंगा भोजन है पोषक तत्वों से भरपूर पौष्टिक भोजन

**पोट्ठ लइका पहल कार्यक्रम अंतर्गत कुपोषण से आजादी पाने के लिए तिरंगे भोजन का महत्व समझाया गया**

राजनांदगांव (दावा)। जिले में गंभीर कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पोट्ठ लईका पहल कार्यक्रम के तहत युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा जनसहभागिता से संचालित इस अभियान में जनसामान्य को बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य के लिए खान-पान, पौष्टिक आहार, स्वच्छता संबंधी व्यवहार, स्वास्थ्य के प्रति सजगता के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। बच्चे के स्वास्थ्य के प्रति माताओं एवं परिवारजनों में जागरूकता लाने से यह एक स्थायी समाधान होगा।




स्थानीय स्तर पर उपलब्ध विभिन्न फल, सब्जी, अनाज का उपयोग करते हुए बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में इस अभियान अंतर्गत जिले भर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। कलेक्टर के नेतृत्व में तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में इस अभियान के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत प्रत्येक शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्रों में पालक चौपाल का आयोजन किया जाता है। हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत पालकों को विशेष तौर पर तिरंगा भोजन का महत्व बताया गया और जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी ने हर घर तिरंगा की शपथ भी ली। अभिभावकों को बच्चों को कुपोषण मुक्त करने के लिए तिरंगा भोजन के रूप में पौष्टिक आहार खाने के लिए प्रेरित किया गया। जिससे बच्चों को प्रोटीन, विटामिन एवं अन्य पोषक तत्वों से भरपूर भोजन मिल सके।

## तिरंगा भोजन क्या है?

तिरंगा भोजन ऐसा पौष्टिक आहार होता है, जो हर घर में उपलब्ध होता है। केसरी रंग अंतर्गत दलहन, सोया, अंडा, सफेद रंग चावल, रोटी तथा हरा रंग में हरी सब्जी जैसे पालक, मेथी, मुनगा भाजी एवं अन्य हरी साग-सब्जी का होता है। यह तिरंगा भोजन कहलाता है। अपने बच्चों को पौष्टिक भोजन कम से कम 3 बार दिन में खिलाने और 2-3 बार स्वयं भी खाने की सलाह दी गई।

## अनमोल दावा

> पृथ्वी हम लोगों की कर्मभूमि है यहां हमें हमारे कर्मो से ही पहचान होती है इसलिए कर्मो से दूर भागने की कोशिशि मत करो

## सलाखों पर सवाल, सिसोदिया के सत्रह महीनों का हिसाब कौन देगा ; कोर्ट ने माना है. जमानत नियम है और जेल अपवाद

सिसोदिया अकेले ऐसे नेता नहीं हैं, जिन्हें इस तरह सीखचों के पीछे लंबा वक्त गुजारना पड़ा। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी जेल में रह चुके हैं। सत्येंद्र जैन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अभी तक जमानत की आस लगाए हुए हैं।

आखिरकार दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सर्वोच्च न्यायालय ने जमानत दे दी। हालांकि इसमें कुछ शर्तें भी जोड़ी हैं, पर अदालतों को एक बार फिर नसीहत दी है कि जमानत नियम है और जेल अपवाद। किसी की जमानत सजा के तौर पर नहीं टाली जानी चाहिए। हालांकि यह बात सर्वोच्च न्यायालय पहले भी कई बार कह चुका है, मगर निचली अदालतें इसे गंभीरता से लेती नजर नहीं आतीं। मनीष सिसोदिया को दिल्ली आबकारी नीति में भ्रष्टाचार के आरोप में पहले प्रवर्तन निदेशालय और फिर सीबीआई ने जेल में बंद कराया था।

सिसोदिया निचली अदालत से उच्च न्यायालय के बीच अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते और जमानत की अपील करते रहे, मगर किन्हीं तकनीकी कारणों से उन्हें सलाखों के पीछे ही रहने पर मजबूर होना पड़ा। करीब सत्रह महीने उन्होंने जेल में बिताए। जाहिर है, उनकी जमानत से आम आदमी पार्टी में उत्साह का माहौल है। मगर यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि जब एक निर्वाचित सरकार के जिम्मेदार पद का निर्वाह कर रहे व्यक्ति को इतने लंबे समय तक जेल में रहने पर मजबूर होना पड़ता है, तो सामान्य नागरिक के बारे में क्या उम्मीद की जा सकती है। ये सवाल बेवजह नहीं उठ रहे हैं कि आखिर सिसोदिया के सत्रह महीनों का हिसाब कौन देगा।

इस मामले में जांच एजेंसियों के कामकाज पर गहरे सवाल उठे हैं। दिल्ली आबकारी मामले में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और सेना की जमीन खरीद घोटाले के आरोप में हेमंत सोरेन को जांच एजेंसियों ने बिना पुख्ता आधार और दोषसिद्धि के लंबे समय तक जेल में डाले रखा। इसमें निचली अदालतों ने भी गंभीरता से विचार नहीं किया कि इस तरह जिम्मेदार पदों का निर्वाह करने वालों को जेलों में डालने से आखिरकार सार्वजनिक महत्त्व के कामकाज बाधित होते हैं।

किसी को जमानत देने का यह अर्थ कतई नहीं होता कि उसे दोषमुक्त कर दिया गया। उसके खिलाफ लगे आरोपों की जांच तो चलती रह सकती है और दोषसिद्धि पर उसे सजा भुगतनी ही पड़ेगी। इस तरह केवल आरोप और आशंका के आधार पर लोगों को लंबे समय तक जेलों में बंद रखना एक तरह से नाहक सजा देने के बराबर ही माना जाता है। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय की नसीहत पर गंभीरता से पालन के अपेक्षा की जाती है।

# समलैंगिकों और ट्रांसजेंडर्स की रक्तदान को लेकर क्या है क़ानूनी जंग

**उमंग पोद्दार**

एडवांस्ड स्तर के पार्किंसंस रोग से जूझ रहीं हैदराबाद की विजयंती वसन्ता मोगली की माँ को नियमित तौर पर ब्लड ट्रांसफ्यूज़न के लिए रक्त की ज़रूरत पड़ती रहती थी.

लेकिन उनकी बेटी चाहते हुए भी मृत्यु शैया पर पड़ी माँ को रक्तदान नहीं कर कर सकती थीं, क्योंकि वो ट्रांसजेंडर हैं.2017 में माँ की मृत्यु के बाद अपनी माँ की इकलौती देखभाल करने वाली विजयंती कहती हैं, ‟ये बहुत ही दुखदायी अनुभव था. अपनी माँ के लिए रक्तदान करनेवालों को खोजने के लिए उन्हे फेसबुक और व्हाट्सअप समेत अन्य सोशल मीडिया पर हमेशा पोस्ट करते रहना पड़ता था.भारत में समलैंगिक और ट्रांसजेंडर्स चाहकर भी अपने रिश्तेदारों या अन्य किसी जाननेवालों को रक्तदान नहीं कर सकते. भारत में ऐसे समुदायों के रक्तदान करने पर स्थायी तौर पर प्रतिबंध है. एचआईवी/एड्स की रोकथाम के लिए 1980 के दशक से ही दुनिया के कई देशों में ट्रांसजेंडर्स, समलैंगिकों और यौनकर्मियों पर रक्तदान के लिए प्रतिबंध लगाया गया था.

हालांकि पिछले कुछ सालों में अमेरिका, ब्रिटेन, ब्राज़ील और इसराइल जैसे देशों में रक्तदान के लिए इस नीति में ढील दी गई है. अब भारत में भी इन समुदायों के लिए रक्तदान के नियम में बदलाव के लिए एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में डाली गई है.याचिका में याचिककर्ताओं ने रक्तदान के लिए नवीनतम 2017 की नीति को ‟बहुत ही पूर्वाग्रहीज्ज् बताते हुए इन नियमों को भारत के संविधान में दिए गए समानता, गरिमा और जीवन के मौलिक अधिकारों का हनन कहा है. सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में पहले के अन्य दो मामलों को एक साथ करते हुए केंद्र सरकार को जवाब देने के लिए कहा था.हालांकि, केंद्र सरकार ने मौजूदा नियमों के पक्ष में तर्क देते हुए मौजूदा नियम को वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित बताया था. भारत सरकार के आंकड़ों के मुताबिक़, देश में 2011 तक तकरीबन 5 लाख ट्रांसजेंडर और 2012 तक तकरीबन 25 लाख समलैंगिक थे.हालांकि कइयों का मानना है कि वास्तविक आँकड़े इन सरकारी आंकड़ों से बहुत ज़्यादा हो सकते हैं. अपनी माँ के लिए रक्तदान कर्ताओं को पाने के मामले में विजयंती भाग्यशाली साबित हुईं लेकिन सबकी किस्मत एक समान नहीं होती.

भारत के उत्तर पूर्वी राज्य मणिपुर की एक ट्रांसजेंडर डॉक्टर बेऑनकी लाइशराम ऐसी ही एक घटना को याद करते हुए बताती हैं कि कैसे एक महिला ट्रांसजेंडर गंभीर रूप से बीमार अपने पिता को इस नियम के कारण रक्तदान नहीं कर पाईं.




डॉ. बेऑनकी कहती हैं, उनके पिता को रोज़ाना दो-तीन यूनिट ब्लड ट्रांसफ्यूज़न की ज़रूरत थी. डोनर के न मिल पाने के कारण उनके पिता की मृत्यु अगले दो दीन में हो गई. अपने को इतना असहाय पहले कभी नहीं पाया.

एक अनुमान के मुताबिक, भारत में प्रत्येक दो सेकंड में ट्रांसफ्यूज़न की ज़रूरत पड़ती है. और ऐसे में रक्तदान के लिए प्रतिबंधित करनेवाले ऐसे किसी भी नियम का काफी गहरा प्रभाव पड़ता है.2021 की एक स्टडी के मुताबिक़, भारत में हर साल दस लाख यूनिट की कमी होती है जबकि लैंसेट स्टडी के मुताबिक़ यही आंकड़ा 4 करोड़ यूनिट के क़रीब था.इसी तरह की कहानियों से प्रभावित होकर ही समलैंगिक मुद्दों पर लिखनेवाले 55 वर्षीय सामाजिक कार्यकर्ता शरीफ रागनेरकर ने कोर्ट में इसी साल एक याचिका दाखिल की है.रागनेरकर कहते हैं, ‟इस नियम के कारण मैं भी अपने किसी रिश्तेदार को आपातकालीन स्थिति में भी रक्तदान नहीं कर पाऊँगा.ज्ज्उनके कई दोस्त इस प्रतिबंध से प्रभावित हुए थे और यही कारण था कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख़ किया.वो कहते हैं, ‟कई मेरे जननेवाले तो इस प्रतिबंध से अनजान थे और उन्हें इस बारे मे पता भी तब चला जब उन्हें अपने किसी क़रीबी को ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ा.भारत में एलजीबीजीक्यू समुदाय ने 2018 में समलैंगिकता पर औपनिवेशिक युग के प्रतिबंध को रद्द करने के सुप्रीम कोर्ट का आभार जताया था, लेकिन इस तरह के तथाकथित भेदभावपूर्ण प्रथाओं से वो निराश है.हालांकि इस याचिका पर कोर्ट ने अभी अगली सुनवाई की तारीख़ तय नहीं की है लेकिन यह पहला मामला भी नहीं है जो कोर्ट के सामने आया है.2021 में थंगजम शांता सिंह, जो एक ट्रांस एक्टिविस्ट हैं, उन्होंने भी इसी तरह की याचिका कोर्ट में दायर की थी.वो कहती हैं, ‟कोविड के दौरान भी जब प्लाज्मा डोनेशन को एक महत्वपूर्ण उपाय के रूप में देखा जा रहा था तब भी इन नियमों के कारण जीवन को बचाने के लिए कुछ नहीं कर सकी.अक्सर इन समुदाय के लोग अपने जैसे ही लोगों के साथ सहते हैं.नाज़ फाउंडेशन के तहत एलजीबीजीक्यू समुदाय के लिए चलने वाल कार्यक्रमों के प्रमुख साहिल चौधरी सवाल करते हैं, ‟इस तरह के प्रतिबंध के कारण आपातकालीन स्थिति में इस समुदाय के लोग अपने लोगों की मदद कैसे कर पाएंगे?शरीफ़ के केस को शांता और अन्य केस के साथ विलय कर दिया गया है.याचिकाकर्ताओं का कहना है कि इस तरह के प्रतिबंध उनमें खुद के बहिष्कृत और महत्वहीन होने का भाव पैदा करते हैं.शांता कहती हैं, यह नियम मुझे एक इंसान न होने का एहसास दिलाने के साथ साथ एक ज़िंदा लाश होने जैसा लगता है.दोनों याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि भारत में रक्तदान के लिए नियमों को वास्तविक जोखिम के आधार पर होना चाहिए, न की कथित जोखिम के आधार पर.इस तरह के प्रतिबंध की ज़रूरत को नकारते हुए, याचिकाकर्ताओं का कहना है कि अब टेस्टिंग टेक्नोलॉजी बहुत उन्नत हो गई हैं. जिसके कारण अब एचआईवी/एड्स का पता आसानी से लगाया जा सकता है.2015 से अब तक 15 देशों ने रक्तदान के लिए प्रतिबंधित करने वाले इस तरह के क़ानून को हटा दिया है.ब्रिटेन, अमेरिका और कनाडा जैसे कई देशों में रक्तदान से पहले शारीरिक संबंध बनाने से कुछ महीनों की रोक जैसे नियमों को हटा दिया हैइन नियमों को अभी हाल में हटाया गया है. अब रक्तदान के लिए वहाँ रक्तदान कर्ताओं की सेक्शुअल ओरिएंटेशन की बजाय वो कहीं हाई रिस्क वाले यौन व्यवहार में तो लिप्त नहीं हैं - इसका पता लगाया जाता है.इसके पीछे तर्क यही दिया जा रहा है कि तकनीकी प्रगति के साथ समूह-आधारित जोखिमों के बजाय व्यक्तिगत जोखिम के आधार पर सुरक्षित रूप से रक्त लिया जा सकता है.

शांता तर्क देती हैं कि रक्तदान के लिए शुरुआत में भारत सरकार को भी इस तरह के उपायों पर गौर करना चाहिए भारत सरकार का तर्क है कि भारत अभी रक्तदान के लिए इस तरह की व्यक्तिगत नीति के लिए तैयार नहीं है.2023 में सुप्रीम कोर्ट में दाख़िल किए अपने जबाब में, केंद्र सरकार ने साफ़तौर पर कहा कि इन समूहों में एचआईवी का ख़तरा छह से तेरह गुना ज़्यादा था. इसलिए रक्तदान के लिए इस तरह के प्रतिबंध आवश्यक हैं.भारत सरकार के अनुसार, दूसरे देशों में इस्तेमाल की जाने वाली न्यूक्लिक ऐसिड जैसी एडवांस्ड टेस्टिंग टेक्नोलॉजी अभी भारत के बहुत ही कम रक्तकोषों में उपलब्ध हैं.इस टेस्ट से संक्रमण का पता दिनों में लग जाता है जबकि मौजूदा टेस्टिंग में संक्रमण का पता हफ़्तों में लगता है. क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज वेल्लोर के प्रोफ़ेसर डॉ जॉय मैमन के अनुसार- चूंकि भारत में सिस्टम कठोर नहीं है इसलिए यहाँ सरकार की नीति बिना किसी नैतिक निर्णय के जोखिम को कम करने के लिए है. उनका कहना है कि यह नीति सिर्फ़ परीक्षण पर ही लागू नहीं होती बल्कि एक ऐसे वातावरण के निर्माण में भी लागू होती है जहां गोपनीयता को तरजीह दी जाती है ताकि लोग अपने यौन इतिहास के बारे में सवालों के जवाब देने में सहज महसूस करें.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 229 : मंत्री सुमंत की रानी कैकई से नाराजगी, राज्य की विरोधी शक्तियां आपसे ऐसा वर मंगवा रही हैं

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



मंत्री सुमंत पुनः राजा दशरथ, रानी कैकेई और श्री राम के पास पहुंचे।

रानी कैकेई ने उन्हें देखकर कहा, ''सुमंत जी ! पुत्र राम यहां से प्रस्थान करने वाले हैं और वे शीघ्र ही अयोध्या छोड़ देंगे। अतः आप यहां रुकने के स्थान पर पुत्र राम के अयोध्या से प्रस्थान की तैयारी करवाइए। जब सभी औपचारिकताएं पूर्ण हो जाएंगी तो आप राम को अपने रथ से अयोध्या राज्य की सीमा के बाहर वन क्षेत्र में सुरक्षित स्थान पर पहुंचा कर वापस आइए।''

कदाचित यह सुमंत जी के जीवन का सबसे कठिन कार्य होगा।वे राज्य मंत्री परिषद के प्रमुख सदस्यों से एक हैं और राज परिवार के निकटतम व्यक्ति हैं। वे निःशब्द हैं और प्रयास करने के बाद भी कुछ बोल नहीं पा रहे हैं।

श्री राम ने पिता के चरण स्पर्श किए और उनसे कहा, ''पिताश्री, मैं वनवास के निर्णय की सूचना देने के लिए और अनुमति प्राप्त करने के लिए माता कौशल्या, माता सुमित्रा और सीता से भेंटकर आपके एवं माता कैकेई के पास पुनः वापस आता हूं। इसके बाद आपकी अनुमति लेकर वन क्षेत्र की ओर आज ही प्रस्थान करुंगा।''

राजा दशरथ की आंखों में आंसू आ गए। कैकेई का मुख भावशून्य है।सुमंत जी को सबसे अधिक इस बात पर आश्चर्य हो रहा है कि तीनों माताओं में श्री राम को सबसे अधिक प्रेम करने वाली माता कैकेई इस तरह पाषाण हृदया कैसे हो गई।

उन्होंने कहा, ''क्षमा करें रानी जी ! मैं आश्चर्य में हूं कि आपका श्री राम के प्रति व्यवहार इतना निष्ठुर कैसे हो सकता है? बचपन से श्री राम की शिक्षा - दीक्षा और उन्हें संस्कारित करने में आपका एक महत्वपूर्ण योगदान रहा है और आप इस तरह उन्हें अपने से दूर कैसे भेज सकती हैं? मुझे तो ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह निर्णय आपका नहीं है बल्कि आपके मुख से अयोध्या राज्य की विरोधी शक्तियां ऐसा वर मंगवा रही हैं।''

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## कविता

### 'क्यों करूँ'



क्यों करूँ सत्ता का बखान ?
जिनको मैने चुन कर भेजा।
यहां रहे तब बने रहे बुधराम,
वहां गए तो हो गए है सुखराम।
मुफ्त की बांट दया दिखाया,
ये कैसी है सत्ता की माया।
जनता के पैसों को मुफ्त में बांट,
अपना ही खुद गुणगान कराया।

**गजेंद्र बख्शी**
**रिद्धि सिद्धि कालोनी फेस 3, राजनांदगाव**

## कविता

### पानी टुहु देखावत हे

कतरो धान जामिस, कतरो धान भताबत हे।
बोइस तहु नई बोईस तहु, दुनो पछतावत हे।
न रोपत बनत हावे, न कहु लई मतावत हे।
कतरो धार परे हे, कतरो ल चिरई खावत हे।
एक पारा म गिरथे, त दुसर पारा सुख्खा,
येला कोन पतियावत हे, पानी टुहु देखावत हे।।
धाम दिन म नग्गत गिरिस, अब काबर करत हे रिस।
बोनी रूके हे पानी बीना, ठऊका बेरा निपोर दिस।
बाम्हन बांचल हे पोथी, बिज्ञानिक बतावत हे पानी,
तभो ले नई गिरे एको बुंद, निच्चट के धिपोर दिस।
बादर डहार किसान मन टकटकी लगावत हे,
पानी टुहु देखावत हे।।
पानी गिरे ले होही हरियर।
सबके मन उज्जर फरिहर।
अब तो बरस रे बादर करिया,
धरती ह झन राहे बंजर।
टेटका मेचका नई नरियावय,
बिला म लुकावत हे,
पानी टुहु देखावत हे।।



**आनंदराम साहू (सार्वा)**
**कु.बो.भाठागांव**

## सामयिक चर्चा

### // बेवक्त की दवा जहर आखिरी//

बिखरे दाना सकोरे में पानी, बिन कहे उड़ चलीं कि बसर आखिरी।
कब्रगाह में रूहानियत की बातें, दिल माने नहीं कि सफर आखिरी।।
राह को लग पाए न ठोकर कहीं, जाने खबर क्या गुजर आखिरी।
परत दर परत चेहरे यहाँ, देख लो एक नजर कि ये नजर आखिरी।।
दर तेरे चूमता तुझे देखने, होने लगा मैं अब दरबदर आखिरी।
गाँव की मिट्टी पाँव सनाये चला, अब है ये तेरा शहर आखिरी।।
तन्हा-तन्हा गुजरा सारा सफर, यकीं है मुझे तुम हमसफर आखिरी।
फूल, पत्ते, नजारे आशिक हवाएं, तेरे बिन बेमतलब फरर आखिरी।।
इबादत में तू दुआओं में तू, कश्मकश में खुदा कि गजर आखिरी।
तेरे सजदे में सर झुकता गया, अब देखे जमाना असर आखिरी।।
इतने सजदे में तो मिल जाता खुदा, बता रह गई क्या कसर आखिरी।
अधरों ने तेरे माथ मेरा जो छुआ, पता मुझे कि वो अधर आखिरी।।
हकीम ने कहा बस लेना वक्त पर, दवा बेवक्त की जहर आखिरी।
दिख भी जाया करो शामों सुबह, तुम्ही दवा तुम ही असर आखिरी।।तुझसे सब शुरू तुझसे ही खत्म, जिक्र मेरा हुआ अक्सर आखिरी।
खाक हो जाऊँ तो भी सस्ता इश्क, मिल पाए तुझे खबर आखिरी।।कहती साँसों बसता मैं ही सदा, साँस बाकी देखने असर आखिरी। तुझे लिखता और सुनाता तुझे, अब सुन ले जरा ये बहर आखिरी।।




**रोशन साहू ''मोखला''**
**राजनांदगांव**
**7999840942**

## शब्द सामर्थ्य -145

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 144 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | ब | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

## सू- दोकू क्र.145

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र144 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आज आपको व्यापार में अच्छा मुनाफा मिलने से आपकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा और जीवन साथी के साथ आप डिनर डेट पर जा सकते हैं। आज आप शिक्षा में आ रही समस्याओं के लिए अपने गुरुजन से बातचीत करेंगे।

**वृषभ** — आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप मन में चल रही है बातों को किसी के सामने उजागर नहीं होने देंगे, नहीं तो लोग इसका फायदा उठा सकते हैं। आज किसी भी स्थिति में घबराने के बजाय उनका समाधान ढूंढने की कोशिश करेंगे तो आपको शोल्युशन मिल जायेगा।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको किसी नए काम में हाथ आजमाने का मौका मिलेगा। परिवार के लोग आज आपसे कुछखास चीजों की डिमांड कर सकते हैं। आज जीवनसाथी को आप डिनर डेट पर लेकर जा सकते हैं। आज आप किसी ऐसे व्यक्ति से मिलेंगे जो आपको जीवन के कुछ नए सबक सिखायेगा।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस करना होगा। आप अपने से ज्यादा औरों के कामों पर ध्यान लगाएंगे तो आपको समस्या होगी लेकिन आप समय रहते इस को संभाल लेंगे। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में यदि गिरावट चल रही थी, तो वह भी आज दूर होगी।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आप माता की पसंद की कोई चीज गिफ्ट करेंगे आपके माता जी को भी खुशी होगी। आपको किसी संपत्ति की खरीदारी करते समय उसके जरूरी कागजातो पर ध्यान अवश्य देना होगा। परिवार में किसी विशेष कार्य को लेकर आपसी वार्तालाप होगा।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपके बिजनेस की गति धीमी रहने के कारण आप परेशान रहेंगे। माता-पिता से आप मन में चल रही कुछ बातों को लेकर बातचीत कर सकते हैं। छोटे बच्चों के लिए आप कोई उपहार लेकर आ सकते हैं। आप अपने गुरु से करियर के बारे में परामर्श ले सकते हैं।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपने कामों को बहुत सावधानी और कुशलता से करेंगे। संतान की ओर से कोई चिंता दूर होगी। आज की गई मेहनत के निकट भविष्य में बेहतरीन परिणाम मिलने वाले हैं। आपका कोई काम समय से पूरा ना होने के कारण आपको थोड़ी समस्या होगी।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए ख़ास रहने वाला है। आज किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहने वाला है। किसी कानूनी मामले में भी आज आपको जीत मिलने के योग बन रहे है, लेकिन इसके बावजूद आप परिवार में किसी सदस्य से किसी बात को लेकर नाराज रहेंगे।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। संतान की नौकरी से संबंधित किसी समस्या को लेकर आप भागदौड़ में लगे रहेंगे। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको गिले-शिकवे दूर करने का मौका मिलेगा। कार्य क्षेत्र में आज आपको मनपसंद काम मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे। बेवजह कामों में खर्च हो सकता है।

**मकर** — आज आपके दिन की शुरुआत थोड़ा कमजोर रहेगी, लेकिन बाद में अच्छा लाभ मिलने से उनकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका किसी नए वाहन को खरीदने का सपना आज पूरा होगा। आपको अपनी छवि और अधिक बेहतर बनाने का मौका भी मिलेगा। आप आज किसी से अपने मन की बातों को शेयर करोगे।

**कुंभ** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नए नये मार्ग खोलेगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाए रखें, जल्द ही आपको परीक्षा में सफलता हासिल होगी। आज कोई लक्ष्य हासिल करने में किसी अनुभवी व्यक्ति का भी सहयोग मिलेगा।आज बेवजह के खर्च से बच जायेंगे।

**मीन** — आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आज आप व्यापार के मामले में किसी पर आंख मूंदकर भरोसा ना करें, नहीं तो वह आपके भरोसे को तोड़ सकता है। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। आज आपकी मेहनत और सूझबूझ से आपकी उम्मीदें तथा आशाएं पूरी होगी। मनपसंद कामों में दिलचस्पी रहेगी।

## कविता

### ''पालक-शिक्षक बइठक''

पालक शिक्षक ल मिल के संगी,
लड़का के भाग जगाना हे.।
शासन के सुग्घर योजना ल जुरमिल के सफल बनाना है.।।
लइका मन के पढ़ई लिखई बर, घर म सुग्घर कोन्टा बनाना हे....
लइका के संगवारी बनके,परीक्षा के भूत ल भगाना हे ।
लइका मन के प्रगति करे बर
सुग्घर दिनचर्या बनवाना हे,
लइका के हिचक दूर भगाए बर प्रार्थना सभा म बोलवाना है ।
पौष्टिक भोजन खवाके संगी लइका ल तंदुरुस्त बनाना है ।
शनिवार के दिन बिन बस्ता के रचनात्मक गतिविधि करवाना हे।
जाति, निवास अऊ आय ल समय से पहिली बनवाना है शासन के
हर योजना के लाभ अऊ छात्रवृत्ति ल दिलवाना हे।
गूगल के प्ले जाये के स्टोर में जाना हे,
दीक्षा एप ल डाउनलोड करवाना है।
सब्बो विषय के गियान के गोठ ल सारगर्भित
ढंग ले समझाना हे।
दाई ददा अऊ सब गुरुजन के
मान- सम्मान ल बढ़ाना है-
पालक-शिक्षक-बालक
मिलके, निरक्षरता के भूत भगाना है...

**थंगेश्वर साहू ''मीत''**
**बसंतपुर**
**(राजनांदगांव)**


# आकर्षण का केंद्र बन रहा है कोलारघाट जलप्रपात

**जलप्रपात तक पहुंचने हेतु सुगम मार्ग से संबंधित प्रोजेक्ट राज्य शासन को भेजा जाएगा - रामजी भारती, भाजपा प्रदेश महामंत्री**

डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी में विराजमान मां बम्लेश्वरी देवी की पावन धरा डोंगरगढ़ से मात्र 14 किलोमीटर की दूरी पर स्थित दो जलप्रपात वर्षा ऋतु में प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहता हैं। जल प्रपात तक जाने वाला मुख्य मार्ग अत्यंत दुर्गम होने के कारण बहुत कम लोग ही जलप्रपात का आकर्षक नजारा देख पाते हैं। शासन-प्रशासन यदि ध्यान दे तो मार्ग को बहुत कम खर्चो में सुगम बनाया जा सकता है। जिससे पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा और स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा।

जलप्रपात और डोंगरगढ़ को लेकर क्रिएटर निखिल साहू निवासी डोंगरगढ़ द्वारा इंस्टाग्राम में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दी जा रही जानकारी का प्रकृति प्रेमियों की ओर से अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। जो चर्चा का विषय बना हुआ है। प्राकृतिक सुंदरता को प्रदर्शित करता हुआ यह जलप्रपात आम जनों को तेजी से अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। धीरे-धीरे इन जलप्रपातों पर प्रकृतिक प्रेमियों की संख्या बढ़ने लगी है।

**○ बडी संख्या में पहुंच रहे है प्राकृतिक प्रेमी**
**○ सुविधा मिलते ही बढ़ेगी पर्यटकों की संख्या**



### 4 वर्ष पूर्व प्रकृति प्रेमियों द्वारा खोजा गया था जलप्रपात

जानकारों की माने तो दोनों जलप्रपातों को 4 वर्ष पहले खोजा गया था। परंतु इसकी जानकारी अधिक लोगों को नहीं थी। इन जलप्रपातो पर पहुंचने के मार्गो पर अनेकों प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। परंतु पहुंच मार्ग पर प्राकृतिक सुंदरता मनमोहक एवं दिलचस्प है। इन आकषर्क जलप्रपातो तक पहुंचने के लिए डोंगरगढ़ शहर से ग्राम बछेराभाटा मार्ग होते हुए कोलारघाट, कहुवापानी से होकर घने जंगलों एवं असमतल मार्गो से गुजरते हुए चुना गोटा जलप्रपात तक पहुंचा जा सकता है। इस जलप्रपात को कोलारघाट जलप्रपात के नाम से भी जाना जा रहा है। ठीक इसी मार्ग पर चुना गोटा जलप्रपात पहुंचने के पुर्व बाई ओर जाने पर लोढ़ा जलप्रपात स्थित है परंतु इस जलप्रपात पर पहुंचने का मार्ग भी अधिक कठिनाइयों से भरा हुआ है। इन जलप्रपातों तक पहुंचने पर प्राकृतिक आनंद की अनुभूति मन को प्रसन्न करने के योग्य है। यह जलप्रपात चारों ओर से घने जंगलों से घिरा हुआ है इन जलप्रपात के आसपास के इलाकों में अनेक मर्तबा खतरनाक जानवर भी देखे जा चुके।



भाजपा के प्रदेश महामंत्री पूर्व विधायक रामजी भारती ने कहा है कि डोंगरगढ़ आने वाले धर्मप्रेमी पर्यटक, प्रकृति की गोद में बैठे जलप्रपातों का आनंद उठा सके, इस दिशा में शासन स्तर पर उचित पहल की जाएगी। जलप्रपात तक पहुंचने हेतु सुगम मार्ग से संबंधित प्रोजेक्ट राज्य शासन को भेजा जाएगा।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत शहर भाजपा मंडल की बैठक संपन्न



डोंगरगढ़ (दावा)। प्रदेश एवं जिला भाजपा के आदेशानुसार हर घर तिरंगा अभियान, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को लेकर शनिवार को खैरागढ़ रोड स्थित लोधी भवन में शहर भाजपा मंडल की बैठक रखी गई जिसमें मुख्य रूप से का प्रदेश भाजपा के महामंत्री रामजी भारती, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, विधानसभा प्रभारी सुरेंदर सिंह बन्नोआना, जिला भाजपा के महामंत्री रविंद्र वैष्णव एवं हर घर तिरंगा अभियान जिला प्रभारी एवं शहर मंडल प्रभारी मूलचंद लोधी उपस्थित थे।

**राष्ट्र सुरक्षित तो हम सुरक्षित है - भाजपा**

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि देश में सबसे ऊपर हमारा तिरंगा है। राष्ट्र सुरक्षित तो हम सुरक्षित है राष्ट्र के सम्मान में भाजपा द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा अभियान चलाया जा रहा है इस तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रभक्ति के प्रति का अलख जगाने का है। बैठक में बताया गया कि 13 अगस्त दिन मगलवार को मोटर साइकिल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी ताकि क्षेत्र में जनता को देशभक्ति का संदेश मिले और ज्यादा से ज्यादा इस अभियान में जुड़ कर इसे सफल बनाए। इसी प्रकार 16 अगस्त को देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की पुण्य तिथि को स्मृति दिवस के रूप में मना कर क्षेत्र के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देना है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान को आगे बढ़ाते हुए अभियान के तहत अपने आसपास स्कूल, कालेज, आंगनबाड़ी केंद्र, खाली मैदान में पेड़ लगाकर स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है इस बैठक में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक शशिकांत द्विवेदी, वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र भाई पटेल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, डॉ. पन्नालाल बाफना, प्रदीप बाघ, तुलसी मिश्रा, शहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन, शहर महामंत्री राकेश अग्रवाल, संतोष राव नपा उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, नेता प्रतिपक्ष अमित छाबडा, सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी, जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, लक्ष्मी यादव, अलका सहारे, अर्चला सिंह ठाकुर, अनीता इंदुरकर, शेख अब्दुल्ला, मधु अग्रवाल, रामकृष्ण कनोजिया दीपक ठाकुर, सुमित यादव, जयंत साहू, वीरेंद्र साहू, बलविंदर विक्की भाटिया, अजय दुबे, डीकेश राव, सुमित ताम्रकार, जयस सहारे, श्याम तिवारी, मुकेश रामटेके, हिमांशू सेन, अमन जनबंधु, मीना यादव, चितरंजन साहू, रतन कोसे, अनिल पांडे, ललित शर्मा, गीता मानिकपुरी, आवेश निगम सहित अन्य उपस्थित थे।

# पहला कॉलम...

## भगवान चंद्रमौलेश्वर की धूमधाम से निकली पालकी यात्रा



डोंगरगांव (दावा)। नगर में शनिवार को गतवर्षानुसार सावन के अवसर भगवान महाकाल चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा निकाली गई, यह संगीतमय यात्रा दोपहर को किलापारा स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई, जो सदर लाईन, चंडी मंदिर, हंडी पसरा शिवालय, संजय चौक, श्रीराम द्वार से होते हुए साकेतधाम परिसर पहुंची। इस बीच यात्रा में शामिल लोगों के लिए विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों पेय की व्यवस्था की गई थी और विभिन्न स्थानों में पुष्प वर्षा की गई। राजनांदगांव एवं डोंगरगांव साकेतधाम से ढोल झांझ, अखाड़ा, खैरागढ़ से राउत नाच तथा संगीतमय यात्रा निकाली गई। इस दौरान सांसद संतोष पांडेय, खूबचंद पारख, भरत वर्मा, दिनेश गांधी, लक्ष्मीनाराण गुप्ता, दिनेश साहू, विरेन्द्र बोरकर, प्रियंक जैन सहित बड़ी संख्या में नगर व ग्रामीण भक्तगण मौजूद रहे।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्रा



हरदी (दावा)। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत गुंगेरी नवागांव के बच्चों द्वारा तिरंगा यात्रा निकालकर आजादी के अमृत महोत्सव पर घर-घर झण्डा लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सरपंच भेलेन्द्र नेताम, उप सरपंच देवेंद्र देवांगन, हेमंत साहू, केडी साहू, रामेश्वर सेवता, संस्था प्रमुख रोमनाथ श्रीवास, किशन देशमुख, गैंदलाल डहरे, माधव साहू, प्रधानपाठक छत्रपति गुरु, हरिशंकर देवांगन, निषाद सर, टिल्लू साहू आदि उपस्थित रहे।

## नागपंचमी के अवसर पर महरूम स्कूल में हुआ पौधरोपण



डोंगरगांव (दावा)। अंचल में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महरूम में नागपंचमी के उपलक्ष्य में 10 अगस्त शनिवार को शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा पौधरोपण किया गया और पौध संरक्षण करने का संकल्प लिया। इस दौरान शाला में उपस्थित शिक्षकों ने पौधरोपण का महत्व भी बताया गया।

## शोकाकुल परिवार से मिले पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ग्राम पचपेड़ी में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता रहे स्व. कुंभकरण के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्राम तिलई में स्व. कीर्तन साहू एवं स्व. माधोलाल साहू गत दिवस निधन हो गया था। शोकाकुल परिवार से मिलकर ढांढस बंधाये व श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। ग्राम कलेवा में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता रहे स्व. कुंभलाल वर्मा के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल हुए।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्रा

हरदी (दावा)। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत ग्राम पिनकापार के बच्चों द्वारा तिरंगा यात्रा निकालकर भारत माता की जय का नारा लगाते गली भ्रमण करते हुए आजादी के अमृत महोत्सव पर घर-घर झण्डा लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर कन्या माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक श्याम किरण नुन्हारे, प्राथमिक कन्या शाला के प्रधान पाठक विमला बोरकर, शिक्षिका टोमेश्वरी साहू, शिक्षक नितेश कुमार लोन्हारे, बालक माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक धनसिंह कौमार्य, सफाई कर्मी हेमकुमारी देवांगन दिलीप रावटे आदि उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अंतर्गत नगर के जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों के साथ नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा निकाली गई तिरंगा रैली



खैरागढ़ (दावा)। हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जिले के हर घर में तिरंगा लहराएगा। स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान 09 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन कर सभी भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिससे आमजनों में देश भक्ति की भावना तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि हो। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत जिले के आम नागरिकों में उत्साह देखने को मिल रहा है। जिसमें ध्वज फहराने और तिरंगा के साथ सेल्फी लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए तिरंगा सेल्फी में अपनी सहभागिता दिखाई। इसी कड़ी में आज नगर पंचायत छुईखदान अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत नगर के जनप्रतिनिधियों एवं समाज सेवियों के साथ नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा रैलियां, तिरंगा दौड़ और मैराथन जैसे अनेक देश-भक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के दौरान तिरंगा प्रतिज्ञा भी ली जाएगी।

**15 अगस्त तक मनाया जाएगा स्वतंत्रता सप्ताह**

### हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

स्वतंत्रता सप्ताह हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत 12 अगस्त शाम 5 बजेः तिरंगा यात्रा,13 अगस्त सुबह 7 बजेः सायकल एवं बाइक रैली, 14 अगस्त सुबह 7 बजेः तिरंगा दौड़ और शाम 6 बजे विश्विद्यालय प्रेक्षागृह में तिरंगा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा 15 अगस्त सुबह 9:30 बजे शहीद परिवार का सम्मान किया जायेगा।

# विश्व आदिवासी दिवस में एकता का संदेश



डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम पैरी (अर्जुनी) में 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, कार्यक्रम में कलश यात्रा ग्राम के चौक से निकलकर पूरे गाँव का भ्रमण किया गया, छत्तीसगढ़ के संस्कृति एवं वेशभूषा से सुसज्जित होकर के सभी आदिवासी नृत्य में झूम उठे, कार्यक्रम में सर्व आदिवासी समाज ने एकता का संदेश दिया। कार्यकम में मुख्य रूप से मदन नेताम अध्यक्ष ओड़ारबांधा महासभा आदिवासी, दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव, हुकुमसिंह उइके, रमेश उइके, समय लाल मंडावी, देव कुमार पटौति, प्रमिला उइके, इंदुमती साहू, रेशम साहू, मिथलेश नेताम, रामरतन सिदाम, टेकराम नेताम, मिलापराम तुमरेकी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज एवं आदिवासी युवा संगठन परिक्षेत्र ग्राम-पैरी (अर्जुनी) अध्यक्ष प्रेमचंद नेताम, उपाध्यक्ष गोविन्द सोरी, सचिव दामेश्वर मंडावी, कोषाध्यक्ष इन्द्रकुमार नेताम, सहसचिव गौकरण कुर्राम सदस्यागण धनेश्वर, भूपेंद, मोहन, शिवा, गवकर्ण, संजय, कुलदीप, दुर्गेश, इन्द्र, राहुल, कुणाल, नितिन, गोलू, विजय मांडवी, विजय नेताम एवम समस्त सदस्य आदिवासी मुलेगढ़ परिक्षेत्र पैरी अर्जुनी के अंतर्गत आने वाले 12 गांव जिसमें ग्राम पैरी, सिंगारपुर, अर्जूनी, बरसनटोला, झींका, गोडरी, सालिकझिटिया, घोरदा, सुखरी केशला एक साथ मिलकर आदिवासी दिवस समारोह मनाया गया।

### कल नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम होंगे आयोजित

खैरागढ़ (दावा)। भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 'विकसित भारत का मंत्र भारत हो नशे से स्वतंत्र' की थीम पर कल 12 अगस्त को प्रातः 9.00 बजे जिले के सभी शासकीय अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों, आई.टी.आई, पालिटेक्निक पब्लिक संस्थाओं एवं सभी शासकीय कार्यालय में नशामुक्ति हेतु शपथ कराया जाएगा। इस दौरान सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों में कम्पीटिशन, सेमिनार वर्कशाप, मानव श्रृंखला, छात्रों की रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी होगा। अभियान के लिए परियोजना निर्देशक जिला ग्रामीण विकास प्रशासन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# बुचीभरदा में पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। बुचीभरदा संकुल केन्द्र सुरगी में दिनांक 06 अगस्त को पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सुरगी, कुम्हालोरी, बेलटिकरी, कोटराभांठा, बुचीभरदा की शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्य पालक एवं शिक्षक उपस्थित हुए। संकुल प्राचार्य के मार्गदर्शन में बैठक का उद्देश्य पर संकुल समन्वयक रौशन बेग मिर्जा द्वारा प्रकाश डाला गया। 12 बिन्दुओं पर शिक्षकों द्वारा क्रमशः आर आर साहू, दिनेश्वर साहू, चंद्रशेखर साहू, चान्ता राम साहू, मिर्जा सर, रितुराज चतुर्वेदी, कमलेश कुमार देवांगन, मैडम शेफाली देवांगन एवं महेश्वरी बंजारे द्वारा प्रकाश डाला गया। पालक शिक्षक मेगा बैठक के संबंध में एन के साहू प्राचार्य सुरगी द्वारा पालकों को जानकारी दिया गया। बैठक में शामिल शिक्षकगण प्राचार्य एन के साहू सुरगी, संकुल समन्वयक रौशन बेग मिर्जा, आर आर साहू प्र पा, चंद्रशेखर साहू एमएस कुम्हालोरी, दिनेश्वर साहू प्र पा, कमलेश देवांगन पीएस कुम्हालोरी, पुरुषोत्तम मंडावी प्र पा बेलटिकरी, थीरन साहू प्र पा कोटराभांठा, महेश्वरी बंजारे प्र पा, किशन देवांगन पीएस सुरगी, शेफाली देवांगन एमएस सुरगी, चान्ता राम साहू प्र प्र पा, विनोद कुमार चंद्राकर, रितुराज चतुर्वेदी एमएस बुचीभरदा, राकेश कुमार सोनी प्र पा पीएस बुचीभरदा। शाला प्रबंधन समिति बुचीभरदा के अध्यक्ष अनुरुद्ध कौशिक मा शाला, अध्यक्ष उत्तम कुमार कलिहारी प्रा शाला, चुनू राम साहू, हेमलाल साहू, शत्रुहन साहू, मिलन सिंह साहू, प्रमोद कुमार यादव, टीका राम साहू, आमीन पटेल, अमृत बाई साहू, रत्ना चंद्राकर, सोमिन बाई साहू, ईश्वर मंडलोई, विजय मंडलोई, गैंदलाल चंद्राकर, चुम्मन लाल पटेल, संतराम पटेल, जानकी बाई साहू, सुशीला मंडलोई, लीला मंडलोई, किरण साहू, गायत्री यादव, अंजनी बाई निषाद आदि शामिल रहे। शिक्षक पालक मेगा बैठक के पर्यवेक्षक चारू वर्मा, रमेश कुमार साहू सेवानिवृत्त प्रधान पाठक सम्मिलित रहे। अंत में मिर्जा सर द्वारा बैठक में उपस्थित हुए लोगों का आभार व्यक्त किया गया।

### अछोली में निकाला तिरंगा यात्रा

डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के ग्राम पंचायत अछोली में शासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत ग्राम पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक शाला के प्राचार्यों की अगुवाई में शिक्षकों एवं स्कूली बच्चों द्वारा भारत माता एवं वंदे मातरम के जयघोष के साथ स्कूल प्रांगण से तिरंगा यात्रा निकालकर आजादी के अमृत महोत्सव पर घर- घर झण्डा लगाने के लिए प्रेरित करते हुऐ तिरंगा यात्रा गांव के विभिन्न चौक चौराहों से गुजरते हुऐ पुनः स्कूल प्रांगण पहुंचा इस बीच सरपंच मनीषा नेताम, सचिव पूर्णिमा मंडावी, मोहन साहू, ललित साहू प्रधानपाठक, शिक्षकगण नीरज सिंह, अर्चना टंडन, मिताली सिंह, भरती देवांगन एवं गांव के गणमान्य नागरिक अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान आजादी के अमृत महोत्सव का सभी हिस्सा बने - खेमचंद वर्मा



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के जिला भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी खेमचंद वर्मा (बंटी) ने कहा कि 9 से 15 अगस्त के बीच तिरंगा फहराएं शहर सहित जिले के लोगों से आग्रह किया है। कि अपने घरों, कार्यालयों और दुकानों में तिरंगा फहराएं और स्वतंत्रता दिवस को सम्मान व गर्व के साथ मनाएं। साथ ही हर घर तिरंगा अभियान आजादी के अमृत महोत्सव का हिस्सा बनें। इसे भारत की आजादी के 75वें वर्ष को चिह्नित करने के लिए और तिंरगा फहराने में प्रोत्साहन देने के लिए शुरू किया गया था। इस पहल का मकसद लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है।

श्री वर्मा ने सभी लोगों से हर घर तिरंगा अभियान में हिस्सा लेने की अपील की है। भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'हर घर तिरंगा अभियान' में महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके आव्हान पर यह अभियान आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव के तहत शुरू किया गया था। यह अभियान देश भक्ति और एकता की भावना को मजबूत करेगा और राष्ट्रीय पर्व की गरिमा बढ़ाएगा। इस महाअभियान से न केवल तिरंगे के प्रति हमारा व्यक्तिगत जुड़ाव मजबूत होगा बल्कि राष्ट्र निर्माण की भावना भी सुदृढ़ होगी। इस अवसर पर देश के उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को भी याद करते हुए उनसे प्रेरणा लें और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

# टेड़ेसरा गांव में सरकारी जमीनों का हो रहा बंदरबाट, शासन-प्रशासन मौन



टेड़ेसरा (दावा)। जनपद पंचायत राजनांदगांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत टेड़ेसरा में सरकारी जमीनों का हो रहा बंदरबाट टेड़ेसरा हाईस्कूल के सामने एवं स्टेडियम के आस-पास बड़ी संख्या में सरकारी जमीन पर भारी भरकम सरकारी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। साथ ही साथ स्कूल परिसर के समिति अवैध तरीका से ठेला खोमचे से कभी पटा पड़ा है। ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि भी चुपचाप तमाशा देख रहे हैं। जिसकी वजह से अवैध कब्जा करने वाले ग्रामीणों के हौसले बुलंद है। शाप तौर पर यह तस्वीर बयां कर रही है। कईयों ने तो अवैध कब्जा जमाकर शेड का भी क्या हुआ है। उसके बाद भी ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधि चुपचाप देख रहे हैं। यहां तक की शासन-प्रशासन के द्वारा भी किसी प्रकार की अवैध कब्जा को लेकर कोई पहल नहीं किया जा रहा। जिसकी वजह से जगह-जगह अवैध कब्जा जमा हुआ है। एक दूसरे को देखकर कब्जा करने में कोई पीछे नहीं है। इसी तरह अवैध कब्जे का सिलसिला चलता रहेगा तो आगे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। समय रहते हुए शासन एवं जनप्रतिनिधि को अवैध कब्जा एवं निर्माण को लेकर गंभीर निर्णय लेते अवैध कब्जा हटाने का निर्णय लिया जाना चाहिए। जिसे गांव में अवैध कब्जा से मुक्त किया जा सके एवं शासन प्रशासन को तुरंत ही कारवाई किया जाना चाहिए।

# तिरंगे की शान में गूंज उठा करमतरा



राजनांदगांव (दावा)। आमजन में देशभक्ति की भावना विकसित करने व तिरंगे की शान बरकरार रखने आज शनिवार को करमतरा में तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में स्कूली बच्चों ने देशभक्ति सहित तिरंगे की शान पर नारे लगाते हुए हर घर तिरंगा लहराने प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि 9 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरुआत आज हुई। विद्यालय व ग्राम स्तर पर तमाम आयोजन होने हैं। भारतीय ध्वज तिरंगा राष्ट्र का प्रतीक है। इसी गौरव को संवर्धित करने के लिए आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत तमाम आयोजन संपन्न होने हैं। शासकीय किसान उच्चतर माध्यमिक शाला करमतरा के विद्यार्थियों ने आज शाला परिसर से तिरंगा रैली निकाली। शाला के प्राचार्य राजेश शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली की शुरुआत की जो ग्राम भ्रमण के पश्चात शाला परिसर में समाप्त हुई। इस अवसर पर व्याख्याता रामप्रसाद देवांगन, राकेश साहू, नंदकुमार पटेल, मनीष शर्मा, कमलेश्वरी चंदेल, दिव्या वर्मा सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे अपनी प्रभावी उपस्थिति देते हुए शामिल हुए।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत झुरानदी हाईस्कूल में कार्यशाला आयोजित



खैरागढ़ (दावा)। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत छुईखदान विकासखंड में महिला बाल विकास विभाग द्वारा परियोजना अधिकारी सुनील बंजारे के निर्देशन में महिला वैधानिक सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत ग्राम झुरानदी के हाईस्कूल में कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। जिसमें अधिवक्ता रज्जू महोबिया एवं अधिवक्ता गजाला निशा द्वारा 14 से 18 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को पास्को एक्ट, गुड टच बैड टच, घरेलू हिंसा अधिनियम एवं अन्य महत्वपूर्ण कानूनी अधिनियम की जानकारी दी गई, ताकि बालिकाएं अपने कानूनी अधिकारों से परिचित एवं सजग सकें। महिला बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक खेमीन ध्रुव एवं ऋतु गुप्ता द्वारा महिला एवं बालिकाओं के लिए विभाग द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दी गई एवं इसका लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया और अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंत में पर्यवेक्षक ऋतु गुप्ता ने इस कार्यक्रम में शामिल अधिवक्ता एवं स्कूल प्रबंधन के पदाधिकारियों को कार्यक्रम में आवश्यक सहयोग हेतु आभार प्रकट किया धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पहला कॉलम...

## मालदीव पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर



माले, पीटीआई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को यहां मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने लोगों के लाभ के लिए भारत-मालदीव संबंधों को गहरा करने की नई दिल्ली की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। साथ ही दोनों देशों के बीच जल एवं स्वच्छता सहित कई परियोजनाओं का समझौता हुए। बता दें कि जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करने के लिए मालदीव की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। चीन समर्थक राष्ट्रपति मुइज्जू के पिछले वर्ष पदभार ग्रहण करने के बाद भारत की ओर से जयशंकर की यह पहली उच्चस्तरीय यात्रा है। इससे पहले जून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए राष्ट्रपति मुइज्जू ने भारत दौरा किया था। जयशंकर ने बैठक की तस्वीर के साथ एक्स पर पोस्ट किया और लिखा राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात कर गौरवान्वित महसूस किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं उन तक पहुंचाईं। अपने लोगों और क्षेत्र के लाभ के लिए भारत-मालदीव संबंधों को गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

## बांग्लादेश के चीफ जस्टिस ने दिया इस्तीफा

एएफपी, ढाका। बांग्लादेश में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ओबैदुल हसन ने न्यायपालिका के प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया है। प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को ढाका में सुप्रीम कोर्ट को घेर लिया। इसके बाद चीफ जस्टिस सहित सभी जजों को दोपहर 1 बजे तक इस्तीफा देने को कहा गया। चीफ जस्टिस ने सुप्रीम कोर्ट परिसर में पत्रकारों को बताया कि उन्होंने उभरते हालात के बीच देश भर में सुप्रीम कोर्ट, उच्च न्यायालय और निचली अदालतों के न्यायाधीशों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस्तीफा देने का फैसला किया है।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी थी कि अगर जज और चीफ जस्टिस ओबैदुल हसन इस्तीफा नहीं देते हैं तो वे उनके आवासों पर धावा बोल देंगे। शेख हसीना के देश छोड़े जाने के बाद वहां मुहम्मद युनूस की अगुआई में नई सरकार बन चुकी है।

## गाजा में फिर तबाही, स्कूल पर इजरायली एयर स्ट्राइक में 100 से ज्यादा की मौत



एपी, काहिरा। इजरायल ने शनिवार को गाजा के एक स्कूल पर बड़ा हवाई हमला किया। इस हमले में 100 से अधिक लोग मारे गए हैं। फलस्तीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि गाजा में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले स्कूल पर इजरायली हमले में 100 से अधिक फलस्तीनी नागरिक मारे गए हैं। इस हमले में कई दर्जनों लोग घायल हैं।

वहीं, हमास द्वारा संचालित मीडिया कार्यालय ने एक बयान में कहा, ÷इजरायली हमलों का लक्ष्य फज्र (सुबह) की नमाज अदा कर रहे विस्थापित लोग थे, इसकी वजह से मरने वालों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई। इजरायली वायुसेना ने कहा कि हमने अल-तबाहिन स्कूल में स्थित हमास कमांड और नियंत्रण केंद्र में सक्रिय हमास के आतंकवादियों पर सटीक हमला किया। स्कूल दाराज तुफ्फा में एक मस्जिद के बगल में मौजूद है।

## भारतीय क्रिकेटर जितेश शर्मा ने की सगाई

नई दिल्ली। भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने अपनी गर्लफ्रेंड के संग सगाई कर ली। दोनों लंबे समय से एक साथ रिलेशनशिप में थे। जितेश ने अपने इंस्टाग्राम पर सगाई की तस्वीर शेयर की है। इस पोस्ट पर टी20द्ब कप्तान सूर्यकुमार ने खास अंदाज में बधाई है। जितेश शर्मा ने गर्लफ्रेंड शलाका मकेश्वर के संग सगाई कर ली। आईपीएल में पंजाब किंग्स की ओर से खेलने वाले 30 साल के जितेश को अनेक क्रिकेटर्स से बधाइयां मिल रही हैं। वहीं, भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जितेश और उनकी मंगेतर को सबसे अलग अंदाज में मुबारकबाद दी। सूर्यकुमार ने जितेश की पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा, बहुत-बहुत बधाई भाऊ और वहिनी को। मराठी में भाऊ को भाई और वहिनी को भाभी बोला जाता है।

# पहलवान अमन सहरावत ने कांस्य जीता

पेरिस। आक्रामक और हमलावर प्रदर्शन के साथ, अमन सहरावत ने पुरुषों के 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में कांस्य पदक जीतकर विनेश फोगाट की अयोग्यता पर भारतीय दल की निराशा को दूर किया जो पदक से चूक गईं।

सहरावत ने प्यूर्टो रिको के डेरियन क्रूज़ पर 13-5 से जोरदार जीत दर्ज की। इस प्रक्रिया में, सहरावत 21 साल 0 महीने और 24 दिन की उम्र में भारत के सबसे कम उम्र के व्यक्तिगत ओलंपिक पदक विजेता बन गए। उन्होंने पीवी सिंधु के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया, जो रियो ओलंपिक 2016 में रजत पदक जीतने पर 21 साल 1 महीने और 14 दिन की थीं।

जब ऐसा लग रहा था कि 2008 के बाद पहली बार भारतीय पहलवान ओलंपिक से खाली हाथ लौटेंगे, तब सहरावत ने शुक्रवार को कांस्य पदक जीतकर दल का हौसला बढ़ाया।

यह पेरिस ओलंपिक में भारत का छठा पदक है, जिसमें देश ने अब तक एक रजत और पांच कांस्य पदक हासिल किए हैं।

दल में एकमात्र पुरुष पहलवान सहरावत ने मुकाबले का पहला अंक गंवा दिया,



सबसे कम उम्र के भारतीय व्यक्तिगत पदक विजेता बने

लेकिन जोरदार वापसी की और एक समय 2-3 से पिछड़ने के बावजूद पहले राउंड के अंत में 6-3 की बढ़त ले ली।

दूसरे राउंड में, सहरावत आत्मविश्वास से भरे हुए थे और ऐसा कभी नहीं लगा कि वह अपनी आरामदायक बढ़त को जाने देंगे और 13-5 से मुकाबला जीत गए।

21 वर्षीय सहरावत केडी जाधव (कांस्य 1952), सुशील कुमार (कांस्य 2008, रजत 2012), योगेश्वर दत्त (कांस्य 2012), साक्षी मलिक (कांस्य 2016), रवि दहिया (रजत 2020) और बजरंग पुनिया (कांस्य, 2020) की श्रेणी में शामिल हो गए। यह दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम के पहलवानों द्वारा जीता गया छठा पदक है जो भारत में कुश्ती गतिविधि का एक प्रमुख केंद्र है।

सहरावत इस वर्ष कुश्ती में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एकमात्र पुरुष पहलवान थे। उनके प्रदर्शन ने उन्हें ओलंपिक में कुश्ती में भारत के लिए आठवां ओलंपिक पदक (दो रजत और छह कांस्य पदक), हॉकी के बाद ओलंपिक में देश के लिए दूसरे सबसे सफल खेल के रूप में अपनी दावेदारी बढ़ाते हुए देखा है।

हरियाणा के पहलवान ने अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की और अपने पहले दो मुकाबलों में लगातार दो तकनीकी श्रेष्ठता जीत दर्ज की, लेकिन गुरुवार को सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान के री हिगुची से 0-10 से हार गए।

उन्होंने अपने 16वें दौर के मुकाबले में पूर्व यूरोपीय चैंपियन नॉर्थ मैसेडोनिया के व्लादिमीर ईगोरोव को 10-0 की तकनीकी श्रेष्ठता से हराया था, और फिर क्वार्टर फाइनल में 2022 के विश्व चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त अल्बानिया के ज़ेलिमखान अबकारोव को 12-0 से हराया था। महिलाओं के 76 किग्रा वर्ग में रीतिका हुडा अकेली भारतीय पहलवान हैं, जिन्होंने अभी तक खेलों में भाग नहीं लिया है।

सोमवार को निशा दहिया महिलाओं के 68 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में हार गईं। विनेश फोगाट ने मंगलवार को महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बनाई, लेकिन बुधवार को वेट-इन में असफल होने के बाद उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया।

### पीएम मोदी ने अमन सहरावत को उनकी अविश्वसनीय उपलब्धि की बधाई दी

नई दिल्ली। अमन सहरावत के कांस्य पदक ने उन्हें 21 साल 0 महीने और 24 दिन की उम्र में भारत के सबसे कम उम्र का व्यक्तिगत ओलंपिक पदक विजेता बना दिया। उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि ने उन्हें उनके उल्लेखनीय पैरों के लिए पूरे देश से सबसे अधिक प्रशंसा अर्जित करते देखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में भारत के लिए छठा पदक जीतने वाले युवा पहलवान की प्रशंसा करने में देश का नेतृत्व किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपनी पोस्ट में कहा,अधिक गर्व, हमारे पहलवानों को धन्यवाद! पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा में कांस्य पदक जीतने के लिए अमन सहरावत को बधाई। उनका समर्पण और दृढ़ता स्पष्ट रूप से झलकती है। पूरा देश इस उल्लेखनीय उपलब्धि का जश्न मनाता है।

# 'जेंडर' विवाद के बीच ईमान खलीफा ने पेरिस ओलंपिक में जीता गोल्ड

नई दिल्ली। अल्जीरिया की महिला बॉक्सर ईमान खलीफा ने पेरिस ओलंपिक 2024 (क्रड्डह्म्द्बह्य ह्य4द्वश्चद्बष्ह्य 2024) में गोल्ड मेडल जीत लिया है. बीते शुक्रवार को ईमान खलीफा ने वुमेंस 66 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड अपने नाम किया. अल्जीरिया की महिला बॉक्सर जेंडर विवाद को लेकर खूब चर्चाओं में रहीं. ईमान खलीफा पर यहां तक बायोलॉजिकल मेल होने का भी आरोप लगाया गया. ईमान ने चीन की यांग लियू के खिलाफ फाइनल मुकाबले में गोल्ड मेडल जीता.



हालांकि अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी का मानना था कि वह उनके मानकों पर खरी उतरती हैं, जिसके चलते उन्हें प्रतियोगिता में हिस्सा लेने दिया गया. ईमान ने अंततः गोल्ड मेडल जीता. लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि ईमान के खिलाफ अलग-अलग मैचों में हिस्सा लेने वाली अलग-अलग देशों की महिला बॉक्सर ने आवाज़ उठाई थी. ईमान खलीफा ने 16वें राउंड का मैच इटली की बॉक्सर एंजेला कैरिनी के खिलाफ खेला था. ईमान खलीफा के सामने इटली बॉक्सर ने कुछ सेकेंड में ही मुकाबला छोड़ दिया था और वह रिंग से बाहर चली गई थीं. इसक बाद ईमान खलीफा ने फाइनल तक अपने सभी मैच एक तरफा जीते.

क्वार्टर फाइनल में ईमान खलीफा का भिड़ंत हंगरी की ल्यूका अन्ना हामारी से हुई थी. इस मैच में ईमान खलीफा ने 5-0 से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी. फिर सेमीफाइनल में अल्जीरिया की बॉक्सर ने थाईलैंड की जंजेम सुवानाफेंग को 5-0 से दी शिकस्त दी थी. सेमीफाइनल में शानदार जीत दर्ज करने वाली ईमान खलीफा ने फाइनल में भी एकतरफा जीत हासिल की. गोल्ड मेडल के लिए खेले गए फाइनल में ईमान ने चीन की यांग लियू को 5-0 से हराया. इस तरह उन्होंने विवादों के बीच पेरिस ओलंपिक में गोल्ड जीता.

# एयरपोर्ट पर हुआ भारतीय हॉकी टीम का स्वागत

नईदिल्ली। पेरिस ओलंपिक 2024 में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर भारत लौटी मेन्स हॉकी टीम का जोरों-शोरों से स्वागत हुआ है. 10 अगस्त को दिल्ली एयरपोर्ट पर जब टीम पहुंची, तो जश्न का माहौल था, जहां ढ़ोल-नगाड़े बज रहे हैं. ऐसे में खिलाड़ी भी खुद को रोक नहीं पाए और भांगड़ा करने लगे. इस सेलिब्रेशन का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.



टोक यो ओलंपिक 2020 में ब्रॉन्ज जीतने के बाद भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक 2024 में भी ब्रॉन्ज मेडल जीता है. 52 साल बाद भारतीय टीम ओलंपिक में लगातार 2 ब्रॉन्ज मेडल जीतने में सफल हुई है. पिछली बार 1972 में ऐसा हुआ था. पेरिस से भारत लौटी भारतीय हॉकी टीम की फ्लाइट दिल्ली एयरपोर्ट पर आई, जहां बाहर उनका ढ़ोल-नगाड़ों के साथ स्वागत हुआ. खिलाड़ियों ने भी इस पल को खूब इंज्वॉय किया.

ब्रॉन्ज मेडल जीतकर भारत लौटे कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, मेडल तो मेडल होता है, देश के लिए इसे जीतना बड़ी बात है. वैसे तो हम गोल्ड का सपना देख रहे थे, लेकिन ये सपना पूरा नहीं हो सका. मगर, अच्छी बात ये है कि हम खाली हाथ नहीं लौटे हैं. लगातार 2 पदक जीतना अपने आप में रिकॉर्ड है. वाकई हमें जो प्यार मिल रहा है, वो हमारी जिम्मेदारी बढ़ा देता है.

# अफगानिस्तान की खिलाड़ी मनीजा तलाश अयोग्य घोषित

पेरिस, आईएएनएस। अफगानिस्तान की रहने वाली मनीजा तलाश का पेरिस ओलंपिक का सपना टूट गया। शुक्रवार को प्रतियोगिता के प्री-क्वालीफायर में मनीजा तलाश को अयोग्य घोषित कर दिया गया है। दरअसल, मनीजा ने ब्रेकिंग रूटीन के दौरान अपने स्कार्फ पर फ्री अफगान महिलाएं शब्द को प्रदर्शित किया था, जो पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के नियमों के खिलाफ है। बता दें कि मनीजा को पेरिस 2024 खेलों में शरणार्थी ओलंपिक टीम की सदस्य हैं। स्पेन में रहने वाली मनीजा ने हल्के नीले रंग का स्कार्फ पहना हुआ था जिस पर बड़े सफेद अक्षरों में अफगान महिलाओं को आजाद करो लिखा हुआ था। 21 वर्षीय का विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य अपने देश में तालिबान शासन के तहत महिलाओं की दुर्दशा पर वैश्विक ध्यान आकर्षित करना था। उनका मुकाबला नीदरलैंड की इंडिया सार्डजो के खिलाफ था।




हालांकि, खेल के मैदान पर राजनीतिक बयानबाजी पर रोक लगाने वाले ओलंपिक नियमों का उल्लंघन करने के कारण ब्रेकिंग की नियामक संस्था, वर्ल्ड डांसस्पोर्ट फेडरेशन ने उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया। विश्व डांसस्पोर्ट फेडरेशन ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, मनीजा को अपने परिधान पर राजनीतिक नारा लिखने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया है।

# 'मेरी मां की जान बचाने के लिए पीएम मोदी का धन्यवाद'

वाशिंगटन डीसी, एएनआई। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही शेख हसीना के वीजा रद्द किये जाने की मीडिया रिपोर्टों को भी उन्होंने सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि किसी ने भी अवामी लीग नेता का वीजा रद्द नहीं किया है और न ही उन्होंने कहीं राजनीतिक शरण के लिए आवेदन किया है।

### शेख हसीना का वीजा हुआ रद्द?

एएनआई के साथ एक विशेष साक्षात्कार में, वाजेद ने कहा, किसी ने भी उनका वीजा रद्द नहीं किया है। उन्होंने कहीं भी राजनीतिक शरण के लिए आवेदन नहीं किया है। ये सब अफवाहें हैं। उन्होंने शेख हसीना की जान बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया। शेख हसीना के बेटे ने कहा, मेरी मां की जान बचाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और भारत सरकार की त्वरित कार्रवाई के लिए व्यक्तिगत आभार व्यक्त करता हूं। मैं पीएम मोदी का हमेशा आभारी रहूंगा। उन्होंने आगे कहा कि भारत को दुनिया में नेतृत्व की भूमिका निभाने की जरूरत है और अन्य विदेशी शक्तियों को स्थिति को नियंत्रित करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए, क्योंकि यह भारत का पड़ोस है। यह भारत का पूर्वी हिस्सा है।

# अब बैंक खाते में दर्ज करा सकेंगे चार नॉमिनी, बैंकिंग लॉ बिल पेश

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश किया है। इस विधेयक में ऐसा प्रावधान किया गया है कि हरेक बैंक खाताधारक एक खाते के लिए चार 'नॉमिनी' तक दर्ज करा सकेगा। अभी तक एक बैंक खाते में एक ही नॉमिनी का उल्लेख करने का नियम है। अगर यह बिल संसद से पारित होता है तो अब नॉमिनी को बढ़ाकर चार तक किया जा सकता है। हालांकि, यह वैकल्पिक प्रावधान होगा। प्रस्तावित विधेयक में एक और बड़े बदलाव की बात कही गई है। इसके तहत कंपनी के निदेशकों के सबस्टेंशियल इंटरेस्ट को फिर से परिभाषित किया गया है और इसके तहत 5 लाख रुपये की वर्तमान सीमा को बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये तक किया गया है, जो लगभग छह दशक पहले तय की गई थी।

लोकसभा में विपक्ष के कुछ सदस्यों ने सदन में यह विधेयक पेश किये जाने का विरोध किया। कांग्रेस के मनीष तिवारी ने कहा कि सहकारी समितियों और सहकारी बैंकों से जुड़े कानूनों में संशोधन का अधिकार राज्यों को है। उन्होंने इस संबंध में विधायी अधिकारों को लेकर अस्पष्टता की भी बात कही। उन्होंने कहा,''सहकारी समितियों पर केंद्र नियंत्रण कर सकता है या नहीं, इस पर विरोधाभास है।'' आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन ने कहा कि सरकार एक साथ चार कानूनों में संशोधन का प्रयास कर रही है और यह सदन की परंपराओं के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि आपस में जुड़े विषयों से संबंधित कानूनों को लेकर ही विधेयक लाया जाता है।

***वायनाड आपदा सामान्य नहीं...***

पीड़ितों के बच्चों से बात भी की और उन्हें गोद में उठाकर प्यार भी किया। 0 पीएम मोदी ने हवाई सर्वेक्षण भी किया- प्रधानमंत्री ने भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से भूस्खलन प्रभावित चूरलमाला, मुंडक्कई और पुंचिरीमट्टम का हवाई सर्वेक्षण किया था. अधिकारियों के मुताबिक, हवाई सर्वेक्षण के बाद मोदी का हेलीकॉप्टर कलपेट्टा में एसकेएमजे विद्यालय में उतरा, जहां से वह सड़क मार्ग से चूरलमाला के लिए रवाना हुए।

अधिकारियों ने बताया कि हवाई सर्वेक्षण में उन्होंने भूस्खलन के केंद्र बिंदु को देखा, जो इरुवाझिनजी पुझा (नदी) के उद्गम स्थल पर है. उन्होंने पुंचिरीमट्टम, मुंडक्कई और चूरलमाला के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों का भी जायजा लिया. केरल के वायनाड जिले में 30 जुलाई को बड़े पैमाने पर हुई भूस्खलन की घटनाओं में कम से कम 226 लोगों की मौत हो गई थी, क्षेत्र में कई लोग अब भी लापता हैं।

***संसद के जरिए 'क्रीमी लेयर...***

उन्होंने कहा, एससी और एसटी को नौकरी नहीं मिल पा रही है। कोई भी एससी उच्च-स्तरीय पदों पर नहीं है। वे एससी और एसटी को क्रीमी लेयर में वर्गीकृत करके दबाने की कोशिश कर रहे हैं। 0 मुझे न्यायालय का निर्णय आश्चर्यजनक लगा- खरगे- खरगे ने कहा, मुझे न्यायालय का निर्णय आश्चर्यजनक लगा। जो लोग वास्तविक जीवन में अस्पृश्यता का सामना कर रहे हैं और उच्च पदों पर आसीन अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के

## प्रथम पेज का शेष

लोग भेदभाव का सामना कर रहे हैं। अगर उनके पास पैसा है, तब भी उन्हें भेदभाव का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा, मैं अपील करना चाहूंगा कि सभी लोग एकजुट हों और सुनिश्चित करें कि इस निर्णय को मान्यता न मिले और यह मामला फिर से न उठाया जाए। उन्होंने कहा कि हम अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा, मैंने पढ़ा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि हम इस पर हाथ नहीं डालेंगे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि क्रीमी लेयर (अवधारणा) लागू न हो, उन्हें संसद में (एक कानून) लाना चाहिए था और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को निरस्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सरकार कुछ घंटों में विधेयक तैयार कर देती है और अब निर्णय आए लगभग 15 दिन हो चुके हैं।

***अक्टूबर में लागू होगी यूसीसी..***

इसको लेकर खूब विरोध किया गया। इस कानून का विरोध करने वाले लोग पहले तो यह मान ही नहीं रहे थे कि लिव इन रिलेशन जैसी कोई चीज होती है और अगर होती भी है तो इसकी जानकारी शासन-प्रशासन को देना और इसको रजिस्टर्ड कराना राइट टू प्राइवेसी का उल्लंघन है। क्योंकि किसी के साथ किसी के संबंधों की जानकारी निजी होती है ऐसे में इसे शासन-प्रसासन को मुहैया कराना राइट टू प्राइवेसी का उल्लंघन है।

***अनंतनाग में सुरक्षाबलों ...***

12 जून के बाद से लगातार हो रहे हमलों में 5 जवान शहीद हुए, 9 सुरक्षाकर्मी घायल हुए। जबकि तीन आतंकवादी मारे गए। बीते दिनों कुपवाड़ा के केरन इलाके में 17 जुलाई को सेना ने एनकाउंटर में 2 आतंकियों को मार गिराया था। सेना को यहां कुछ आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया था।

***कोलकाता के हॉस्पिटल...***

लेडी डॉक्टर के परिजनों ने रेप के बाद हत्या का आरोप लगाया है। सीएम ममता बनर्जी ने दिया सख्त सजा दिलाने का आश्वासन - इसे लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीड़िति परिवार से बातचीत की और आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने का आश्वासन दिया। सीएम ने कहा कि इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी। ऐसे तो वो फांसी की सजा का सपोर्ट नहीं करती हैं, लेकिन जरूरत पड़ी तो आरोपियों को फांसी की सजा दिलाई जाएगी। अगर डॉक्टरों को राज्य प्रशासन की जांच पर भरोसा नहीं है तो वे किसी भी जांच एजेंसी को यह मामला सौंप सकते हैं। इसमें उन्हें कोई दिक्कत नहीं है।

***दंतेवाड़ा में इंद्रावती नदी पार मुठभेड़...***

ने जवानों पर हमला कर दिया। जवानों ने भी मोर्चा संभाला, करीब 20 से 25 मिनट तक दोनों तरफ से गोलीबारी हुई। जवाबी कार्रवाई में जवानों ने एक पुरुष माओवादी को ढेर कर दिया है। जिसके शव को भी बरामद कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि जवा अब भी इलाके में ही मौजूद हैं। सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। मामले की पुष्टि दंतेवाड़ा पुलिस ने की है।

# विनेश के योगदान को नहीं भूलना चाहिए, नीरज ने लोगों से की अपील




नई दिल्ली। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि उन्हें महिला पहलवान विनेश फोगाट के योगदान को नहीं भूलना चाहिए। विनेश 50 किग्रा कुश्ती स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई थीं, लेकिन स्वर्ण पदक मुकाबले से पहले उनका वजन 100 ग्राम अधिक था जिस कारण उन्हें अयोग्य घोषित किया गया था। विनेश ने हालांकि खेल पंचाट से उन्हें रजत पदक देने की अपील की है, जिस पर शनिवार रात फैसला आने की उम्मीद है।

### पदक नहीं लाने पर लोग भूल जाते हैं

पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले नीरज ने कहा, हम सभी को पता है कि अगर विनेश को पदक मिलता है तो यह काफी अच्छा होगा। अगर यह स्थिति नहीं बनती तो वह जरूर पदक जीतने में सफल रहती। अगर हम पदक नहीं जीतते हैं तो लोग हमें कुछ समय तक याद रखते हैं और हमें चैंपियन कहते हैं, लेकिन पदक नहीं मिलने पर वह हमें भूल भी जाते हैं। मैं बस लोगों से कहना चाहता हूं कि विनेश ने देश के लिए क्या किया है, उसे हमें नहीं भूलना चाहिए। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की योजना बना रहा है। इस पर नीरज ने कहा, अगर 2036 में ओलंपिक का आयोजन भारत में होता है तो इससे अच्छी बात क्या होगी। यह भारतीय खेल के लिए काफी अच्छा होगा। यह देखना सुखद है कि लोग हमारे मैच लाइव देख रहे हैं। सिर्फ हमारा मुकाबला देखने के लिए वे जल्दी उठते हैं और देर तक सोते हैं। यह एक संकेत है कि भारत खेल में परिवर्तन हो रहा है।

## मैं आपके दर्द को समझ सकता हूं..., विनेश फोगाट को मिला जापानी ओलंपिक चैंपियन हिगुची का समर्थन

पेरिस। पेरिस ओलंपिक में कुश्ती में भारत को निराशा हाथ लगी। जहां टोक्यो ओलंपिक में भारत ने इस स्पर्धा में एक रजत (रवि दहिया) और एक कांस्य (बजरंग पूनिया) समेत दो पदक जीते थे। इस ओलंपिक में अब तक भारत को अमन सहरावत (कांस्य) के रूप में एक ही सफलता मिली है। विनेश फोगाट के पास स्वर्ण जीतने का मौका था, लेकिन फाइनल से ठीक पहले उन्हें बढ़े हुए वजन के लिए अयोग्य करार दिया गया। इसके बाद भारत के स्वर्ण जीतने की उम्मीदों को झटका लगा। विनेश इस ओलंपिक में शानदार फॉर्म में दिखी थीं। हिगुची ने विनेश का समर्थन किया

उन्होंने अपने पहले ही मैच में चार बार की विश्व चैंपियन और टोक्यो ओलंपिक की चैंपियन विश्व नंबर एक जापान की सुसाकी को हराया था। हिगुची का विनेश से भिड़ने के पहले का रिकॉर्ड 82-0 था। इस जीत के सिलसिले को विनेश ने रोक दिया था। इसके बाद टोक्यो ओलंपिक की पदक विजेता ओकसाना लिवाच और क्यूबा की गुजमान लोपेज को हराकर विनेश ने फाइनल में जगह बनाई थी। अब विनेश को पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता पहलवान हिगुची रेई का समर्थन मिला है। हिगुची ने 57 किग्रा वर्ग में पेरिस में स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने ही भारत के अमन सहरावत को सेमीफाइनल में हराया था। उन्होंने अब विनेश को लेकर बयान दिया है।

# पेड़-पौधे पर्यावरण को स्वच्छ व हरा-भरा रखने के साथ जीवन के लिए भी महत्वपूर्ण - कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा

खैरागढ़ (दावा)। जिले के विकासखंड खैरागढ़ के ग्राम रूसे में आज हरियाली बहिनी कार्यक्रम अंतर्गत मां बमलेश्वरी जनहितकारी समिति राजनांदगांव द्वारा फलदार पौधे लगाने का अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, मां बमलेश्वरी जनहितकारी समिति के जिला अध्यक्ष पद्मश्री श्रीमती फूलबासन यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत कम संसाधन के बावजूद इतना अच्छा कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि गांव को स्वच्छ रखने में शासन के साथ हम सब की भी जिम्मेदारी है।



हरियाली बहिनी कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम रूसे में लगाए गए फलदार पौधे

उन्होंने पेड़ पौधों की महत्व एवं उपयोगिता बताते हुए कहा कि यह न केवल हमारे पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा रखते हैं, बल्कि हमारे जीवन के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वृक्षारोपण के माध्यम से हम न केवल जल स्तर को बढ़ा सकते हैं, बल्कि हम अपने क्षेत्र को हरा-भरा बना सकते हैं और वर्षा को आकर्षित कर सकते हैं। इससे न केवल हमारी कृषि कार्य में मदद मिलेगी, बल्कि पेयजल की समस्या भी दूर होगी और हम जल संकट से बचे रहेंगे। इसलिए वृक्षारोपण के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रेरित करना और इसमें भाग लेना बहुत ही आवश्यक है।

कलेक्टर ने कहा कि हमें अपने आस-पास के क्षेत्र में पेड़-पौधे लगाने चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए, ताकि हमारा पर्यावरण हरा-भरा और स्वच्छ रहे। उन्हेंने कहा कि वर्तमान समय में डायरिया का प्रकोप बढ़ रहा है, इसलिए स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पानी गर्म करके पीना एक अच्छा उपाय है। गर्म पानी पीने से पानी में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया और वायरस मर जाते हैं, जो कि डायरिया का कारण बन सकते हैं। इसलिए सबसे अच्छा उपाय सुरक्षा ही बचाव है। इस दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने ग्राम के ही श्री गौरव भारती के बाड़ी में फलदार पौधा आम का रोपण किया।

पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि मां बम्लेश्वरी जनहितकारी समिति का मुख्य उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, रोजगार और नशा मुक्ति के प्रति लोगो को जागरूक करना है। यह समाज के विकास के लिए बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा 5000 से अधिक फलदार पौधों का रोपण किया गया है। जिससे हितग्राही फलों को बेचकर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकते हैं। इसके अलावा, पेड़ लगाओ, पैसा कमाओ अभियान भी चलाया जा रहा है, जो कि पर्यावरण की सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की अपील की। इस दौरान संसद प्रतिनिधि बिसेसर दास साहू ने भी पेड़ के महत्व को बताते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगो को पौधा लगाने की अपील की। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच नीरा संजय मंडावी, उपसरपंच इंदल दास सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी, महिला समूह के सदस्यगण और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# राजनांदगांव मसीही जनकल्याण समिति की कार्यकारी समिति का चुनाव संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। मसीही जनकल्याण समिति की कार्यकारी समिति का चुनाव कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण आयोजन का नेतृत्व रेव जीवन लिविंगस्टोन जी और रेव अमित दान जी के मार्गदर्शन में किया गया। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई, जिसमें समिति के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के नाम और उनके पद निम्नानुसार हैं- रेव. डेविड चाको- अध्यक्ष, रेव.सुरेश दीप - उपाध्यक्ष, रेव. पंचम सोनी सचिव, रेव. राज मसीह- संयुक्त सचिव, रेव. इकेश साहू- कोषाध्यक्ष, रेव. महेश वर्मा- समन्वयक, राजनांदगांव क्षेत्र, रेव. अमर साहू- समन्वयक, डोंगरगढ़ क्षेत्र, भाई गुमान हीरवानी- समन्वयक, डोंगरगांव क्षेत्र, इस अवसर पर रेव जीवन लिविंगस्टोन जी ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को उनके पदों की जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में समिति और भी अधिक प्रभावी तरीके से समाज के कल्याण के लिए कार्य करेगी। चुनाव प्रक्रिया के दौरान रेव अमित दान जी ने भी समिति के समर्पण और सेवा के महत्व पर जोर दिया। यह आयोजन समिति के भविष्य के कार्यों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा, जिससे क्षेत्र में मसीही समाज के कल्याण और उन्नति के लिए नई दिशाएं खुलेंगी।

# खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने आदिवासी भवन का किया लोकार्पण



छुरिया (दावा)। ग्राम गेरूघाट में मूड़ा परिक्षेत्र अंतर्गत विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खुज्जी विधायक भोलाराम साहू सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि विधायक भोलाराम साहू ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और आदिवासी भवन का लोकार्पण किया। खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने क्षेत्रवासी व जिलावासियों को और विशेषकर आदिवासी समाज के लोगों को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी।

विधायक श्री साहू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आदिवासी जनजातियो की सुरक्षा और उनके अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए पूरी दुनिया में 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। जनजाति बाहुल्य प्रदेश होने के कारण छत्तीसगढ़ को जनजातियों की प्राचीन कला और संस्कृति की अनमोल धरोहर विरासत में मिली है।

विधायक श्री साहू ने आगे कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आदिवासियों की सांस्कृतिक विरासत को नया आयाम देने के लिए अपनी लगातार प्रयास किया। आदिवासी संस्कृति का परिचय देश दुनिया से करने के लिए प्रदेश में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव जैसे आयोजन की शुरुआत की गई। विश्व आदिवासी दिवस पर सामान्य अवकाश घोषित किया गया।

# ठेकेदार के साथ मारपीट, आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**डोंगरगढ़(दावा)। ठेकेदारी का व्यवसाय करने वाले 34 वर्षीय जय देवांगन पिता दुलीचंद देवांगन के साथ मारपीट करने वाले आरोपी युवक के खिलाफ प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।**

प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि वह ठेकेदारी का काम करता है। दिनांक 08 अगस्त को शाम के समय वह खाना खाने के बाद थाना चौक स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर के सामने अपने दोस्त योगेश बारसागे, संजू यादव, श्यामू यादव चारो भारती यादव के दुकान के पास खड़े थे। हम लोग आपस में बात कर रहे थे। उसी समय रिंकु यादव पीछे से आकर मेरा गला को पकड़ा मेरे द्वारा क्यों ऐसा कर रहे हो बोलने पर रिंकू यादव के द्वारा शराब के नशे में मुझ मां-बहन की गंदी-गंदी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मुझे हाथ थप्पड़ से मुझे बांया गाल में जोर से मारा जिससे मेरे बांये गाल में चोंट लगी, वहां उपस्थित योगेश बारसागे, संजू यादव, श्यामू यादव एवं भारती यादव के द्वारा बीच बचाव किया गया। उसके बाद रिंकू यादव वहां से भाग गया।

# सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. माध्य. विद्यालय में नागार्जुन विज्ञान परिषद का गठन

**डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में विज्ञान विभाग के वरिष्ठ आचार्यों एवं प्राचार्य प्रकाश यादव के दिशा निर्देशन में नागार्जुन विज्ञान परिषद का गठन किया गया।**



सरंक्षण प्रमुख हर्षिता जंघेल, सहायक वेदांश सोनी, भूमिका नेवारे, प्रवीण, अध्यक्ष आदित्य सोनवानी, उपाध्यक्ष- चंचल वर्मा, तर्पण कु. लहरे, सचिव वैशाली सिन्हा, उपसचिव मयंक निषाद, प्रियंका गजभिये, कोषाध्यक्ष प्राची देवांगन, मिनाक्षी श्रीवास्तव सदस्य दिव्य किरण सिन्हा, राकेश, नेहा साहू मेघराज चंद्रवंशी, सुप्रिया, कामिनी, देशिका जंघेल, अलिना खान, यामिनी वर्मा, वैदिक वैष्णव, निखिल साहू, डिंपल यादव, निकिता यादव, विशाल परिहार ईश्वर साहू, शाखिलेश्वरी, एमांशु सोनी, झलक देवांगन, रिंकी साहू, उज्जवला यादव, ज्योति देवांगन राज वर्मा, शिखा टण्डन, टीकम वर्मा, यानी निर्मलकर, याशिका भारद्वाज, यीशिका महोबिया, वशिंका समुद्रेच, देवेन्द्र सोनी, उदीत साहू, विवेक ताम्रकार, प्रेरणा सिन्हा, यशप्रीत, दीक्षा ठाकुर, टिया निर्मलकर, गीतांजली चंद्राकार, रितिका मालेकर, रूबी सिन्हा, गरिमा, ओजस्वी साहू, संध्या, हेमा, टामेश गजेन्द्र, राहुल सिन्हा, विशुद्ध अम्बादे आदि को विज्ञान विभाग में शामिल किया गया है। विद्यालय परिवार की ओर से चयनित भैया बहनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई है।

# विश्व आदिवासी दिवस पर ग्राम राका-मुरमुंदा में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया

**डोंगरगढ़(दावा)। जिला अध्यक्ष एवं सचिव के निर्देशानुसार एवं तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण डोंगरगढ के अध्यक्ष अनीष दुबे के मार्गदर्शन में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आज ग्राम राका, मुरमूंदा में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। जिला विधिक सहायता पी एल वी अशोक कुमार पाण्डेय एवं पवन कुमार की उपस्थिति में विधिक जागरूकता साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। नागरिकों को उनके मौलिक अधिकार व कर्तव्य एवं सायबर क्राइम की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।**




शासन द्वारा अनेक कानून बनाकर संरक्षण के व्यापक प्रयास किए गए हैं

जिला विधिक पीएलवी द्वारा बताया गया कि प्राचीनकाल से ही आदिवासियों का निवास वनांचलों में होता रहा है और वह समाज की मुख्यधारा से पृथक अपने सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार जीवन यापन करते थे। किन्तु धीर-धीरे विकास और उन पर हो रहे अत्याचार की रोकथाम के लिए उनके संरक्षण की आवश्यकता हुई। इसके लिए समय-समय पर शासन द्वारा अनेक कानून बनाकर संरक्षण के व्यापक प्रयास किए गए हैं। किंतु जानकारी के अभाव में आज भी अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोग उन कानूनी प्रावधानों और लाभकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ लेने से वंचित हैं। जिनकी जागरूकता हेतु जिला विधिक प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर जनजाति समूह को जागरूक किया जाता है। इसी उद्देश्य को सार्थक बनाने एवं आमजन को आदिवासियों के प्रति स्नेह का भाव रखने व उनके अधिकारों के संरक्षण और उन्हें समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में नालसा आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिये विधिक सेवाएं योजना 2015, मोटर व्हीकल एक्ट, लैंगिक अपराधों से बालकों का सरंक्षण अधिनियम, नि:शुल्क विधिक सहायता व कानूनों की विस्तार से जानकारी दी गई। पीएलवी द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के संरक्षण व उत्थान के लिए संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति से होगा छात्रों की क्षमताओं का वास्तविक आंकलन - भागवत शरण सिंह

**खैरागढ़ (दावा)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में संकुलस्तरीय मेगा पालक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने कहा कि सनातन काल में गुरुकुल शिक्षा पद्धति थी। जिसकी वजह से बच्चें बचपन से ही अनुशासित और व्यावहारिक शिक्षा ग्रहण करते थे पर आधुनिक शिक्षा पद्धति में एक भेड़चाल से चल निकली।**



जिसका असर बच्चों पर भी पड़ा है। अब तक बिना छात्रों की वास्तविक क्षमता जाने दिशा निर्धारित हो रही थी पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के वर्तमान व्यवस्था के माध्यम से बच्चों की क्षमताओं का आंकलन अब शुरू से ही किया जाएगा।

सम्मेलन में समग्र शिक्षा के सहायक संचालक अजय देशपांडे ने कहा कि शासन ने बैठक की महत्ता पर प्रकाश डाला। देशपांडे ने कहा कि जिले के समस्त संकुलों में वृहद स्तर पर बैठक आयोजित हुई। जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

## अभिभावक भी दें अच्छा वातावरण

कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे बीएमओ डॉ.विवेक बिसेन ने विचार रखते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा के लिए अभिभावकों को बच्चों को अच्छा वातावरण प्रदान करना चाहिए। डॉ. बिसेन ने कहा कि बच्चें परीक्षा का दबाव भी नहीं झेल पाते और आत्महत्या जैसा खतरनाक कदम उठाते हैं। हमें शिक्षा के उसी दबाव को कम करना है।

## शिक्षकों ने भी रखे विचार

कार्यक्रम में शिक्षक कमलेश्वर सिंह ने एनइपी पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दुर्गेशचंद वर्मा व अखिलेश श्रीवास्तव ने किया। पालकों के सवालों से प्रभारी प्राचार्य कुणाल टंडन ने दिया। कार्यक्रम की सतत मॉनिटरिंग संकुल समन्वयक विभाष पाठक ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक गुंजन सिंह, किशोर यादव, संगीत ठाकुर ने भी निर्धारित 12 बिंदुओं पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में सेजेस कन्या शाला के अध्यक्ष आलोक श्रीवास, समाजसेवी मंगल सारथी, शिक्षिका शीला सिंह, गिरवर कोसरे, नीलू सिंह, विनीता सिंह, खुम वर्मा, संगीता सिंह, राजकुमार वर्मा, सरोजबाला साहू, भारती यदु, करण साहू, रिया जैन, जितेन्द्र वर्मा, खेमराज वर्मा, दीम कुरैशी, श्वेता ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे।

# शा. कुंजबिहारी चौबे महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन

**डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि माननीय श्रीमती पुष्पलता वैष्णव जनपद सदस्य लाल बहादुर नगर तथा कार्यक्रम अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. के .ठाकुर थे। दीक्षारंभ समारोह की शुरुआत मां सरस्वती के तेल चित्र पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कु पूजा देवांगन एवं साथी द्वारा सरस्वती वंदना तथा गंगा एवं साथी द्वारा राजकीय गीत प्रस्तुत किया गया, महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।**



महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. के. ठाकुर द्वारा राष्ट्रीय शिक्षानीति 2020 की जानकारी प्रदान करते हुए, नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय परिवेश से परिचित करवाया गया तथा कार्यक्रम आयोजन के लिए महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ को बधाई दिए, मुख्य अतिथि श्रीमती पुष्प लता वैष्णव द्वारा उद्बोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्य उद्देश्य शिक्षा में गुणवत्ता का सुधार मूल्य परक और कौशल शिक्षा देना की जानकारी प्रदान कर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार साहू तथा आभार प्रदर्शन नोडल अधिकारी मनोहर बोकडे के द्वारा किया गया, दीक्षारंभ समारोह में डॉ हेमलता गायकवाड, सोनल नागवंशी, श्रीमती रीना सलामे, सूर्यकांत वर्मा राजेश चक्रधारी, मोनिका वर्मा, प्रीति साहू, रूपेश बंसोड़, हेमंत कुमार, गौतम राव, नम्रता परीछा, धर्मेंद्र कुमार तथा पालक गण उपस्थित थे। समस्त शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा विषय चयन करने में सहायता प्रदान किया जा रहा है।

# स्वतंत्रता दिवस के गरिमामय आयोजन को लेकर अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस जयवर्धन ने गत दिवस जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिलाधिकारीयों की बैठक लेकर शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों में संचालित योजनाओं का बेहत्तर क्रियान्वयन करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करें। कलेक्टर ने बैठक में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को लेकर जिलाधिकारियों को महती जिम्मेदारी सौंपी है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि स्वतंत्रता दिवस के गरिमामय आयोजन के लिये सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वहन प्राथमिकता से करें।



- अनाधिकृत अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई
- महतारी वंदन हितग्राहियों के द्वारा किया जाएगा वृक्षारोपण
- लंबित आवेदनों का परीक्षण कर करें शीघ्र निराकरण

उन्होंने बैठक में कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन गरिमामय पूर्वक करें। स्थानीय जनप्रतिनिधियों को स्वतंत्रता दिवस आयोजन कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाये। देशभक्ति पर आधारित गीत-संगीत का प्रसारण करने, देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने के साथ ही राष्ट्रीय जननायक के चित्रों पर पुष्प अर्पित करने, सभी शासकीय कार्यालय में रंगरोगन करने, स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर सभी शासकीय कार्यालयों में रोशनी करने कहा गया है।

जिला स्तर पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के आयोजन के लिए सौंप गई जिम्मेदारी का निर्वहन सर्वोच्च प्राथमिकताओं से करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने बैठक में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने की दिशा में महतारी वंदन योजना अंतर्गत लाभान्वित हितग्रहियों को एक पेड़ मां के नाम पर लगाने के लिए पौधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। योजना अंतर्गत हितग्राहियों को आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलो, अपने घर के आसपास या गांव की शासकीय भूमि पर वृक्षारोपण करने कहा गया है। कलेक्टर ने बैठक में विभिन्न लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ सभी प्रकरणों का परीक्षण कर उचित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, जिला परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, एसडीएम मोहला हेमेन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# 5 नक्सल एजेंट्स गिरफ्तार.. तेन्दूपत्ता ठेकेदारों से एक करोड़ वसूले, सूरजू टेकाम की फ्लाइट टिकट भी कराई

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। नक्सलियों के लेव्ही वसूलने के मनी ट्रेल का पर्दाफाश करते हुए मोहला-मानपुर पुलिस ने 5 नक्सल सहयोगियों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपियों द्वारा एक करोड़ रुपए से अधिक का लेव्ही वसूलकर नक्सलियों को भेजे जाने का सबूत मिला है. लेव्ही वसूलने के साथ आरोपी नक्सलियों को सामानों की भी सप्लाई किया करते थे. आईजी दीपक झा ने प्रेस कांफ्रेंस में पकड़े गए आरोपियों को मीडिया के सामने पेश करने के साथ उनकी गतिविधियों का भी पर्दाफाश किया. पकड़े गए आरोपियों में मानपुर निवासी विवेक सिंह के अलावा बीजापुर जिले के चार अन्य नक्सल सहयोगी सोनाराम फरसा पिता स्व. पांडूराम फरसा (28 वर्ष), विजय जुर्री पिता स्व. संतूराम जुर्री (32 वर्ष), रामलाल करमा पिता तुपाराम करमा (35 वर्ष) और राजेंद्र कड़ती पिता स्व. बुगुर कड़ती (30 वर्ष) शामिल हैं.

थाना मदनवाड़ा अंतर्गत गिरफ्तार नक्सल सहयोगी सूरजू राम टेकाम के मामले की विवेचना क्रम में ज्ञात हुआ कि सुरजू राम टेकाम माओवादी संगठन के विचारधारा के प्रचार-प्रसार एवं शहरी नेटवर्क को आगे बढ़ाने के लिए लगातार शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर रहा था. भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी (माओवादी) संगठन द्वारा पर्दे के पीछे से प्रायोजित ऑपरेशन कगार, कार्पोरेटीकरण, सैनिकीकरण के विरोध में 23 मार्च 2024 को कार्यक्रम था, जिसमें सम्मिलित होने के लिए सूरजू राम टेकाम 22 मार्च को फ्लाइट के माध्यम से रायपुर से दिल्ली गया था. दिल्ली जाने के लिए फ्लाइट टिकट नक्सलियों के लेव्ही से प्राप्त रुपयों से सूरजू राम टेकाम एवं सौनाराम फरसा के लिए टिकट बुक कराई गई थी.



सोनाराम फरसा को सूरजू राम टेकाम के द्वारा सम्पर्क करके दिल्ली जाने के लिए फ्लाइट टिकट एवं यात्रा खर्च के लिए नक्सलियों के लेव्ही से प्राप्त रुपए में से कुछ पैसे भेजने के लिए बोला और साथ में चलने के लिए कहा. तब सोनाराम फरसा ने ठेकेदार से प्राप्त नक्सलियों के लेव्ही रुपए में से अपने खाते के माध्यम से सूरजू राम टेकाम के बताए खाते पर पैसे भेजा. तब सूरजू राम टेकाम ने उस अकाउंट से फ्लाइट टिकट बुक करने के लिए विवेक सिंह को पैसे भिजवाया. विवेक सिंह ने सूरजू राम टेकाम के कहने पर नक्सलियों के शहरी नेटवर्क को लगातार अलग-अलग माध्यम से सहयोग कर रहा था, और एक-दूसरे से सम्पर्क में थे.

## आईजी ने किया खुलासा

### कैसे करते थे लेव्ही वसूली

नक्सलियों के द्वारा भैरमगढ़ क्षेत्र में तेंदूपत्ता ठेकेदारों को जान-माल नुकसान पहुंचाने की धमकी देकर सोनाराम फरसा, विजय जुरी, रामलाल करभा और राजेंद्र कड़ती के माध्यम से लेव्ही वसूली की जा रही थी. इन चारों को वर्ष 2022 में एक करोड़ रुपए लेव्ही वसूलने का टारगेट दिया गया था. जिसके लिए भैरमगढ़ क्षेत्र में तेंदूपत्ता ठेकेदार से जंगल क्षेत्र में काम करने के एवज में नक्सलियों ने सोनाराम फरसा, विजय जुरी, रामलाल करमा और राजेंद्र कड़ती की सहायता से ठेकेदार की जान-माल नुकसान पहुंचाने का धमकी देकर करोड़ों रुपयों की लेव्ही वसूली किए.

सोनाराम फरसा, विजय जुर्री, रामलाल करमा, राजेंद्र कड़ती ने अपने बैंक अकाउंट के माध्यम से लेव्ही के तकरीबन 60 लाख रुपए प्राप्त किए और बाद में बैंक से नगदी निकालकर नक्सलियों को पहुंचाने का कार्य करते थे. राजेंद्र कड़ती का बड़ा भाई मोहन कड़ती कुख्यात नक्सली कमांडर भैरमगढ़ क्षेत्र का है. उक्त सभी कई सालों से नक्सलियों से मिलकर ठेकेदारों से लेव्ही वसूली, नक्सलियों को राशन, दवाई व अन्य जरूरत की सामग्री का सप्लाई कर रहे थे. उक्त मामले में भैरमगढ़ क्षेत्र के निवासी सोनाराम फरसा, विजय जुरी, रामलाल करमा और राजेंद्र कड़ती ने ठेकेदार से नक्सलियों के लिए लेव्ही वसूली ऑनलाइन बैंक खाते के माध्यम से किए और बैंक से नगदी निकालकर नक्सलियों तक पहुंचाए. उक्त सहयोगियों के द्वारा माओवादियों के आदेश पर शहरी नेटवर्क को सपोर्ट करने के लिए नक्सल संगठन के शहरी सदस्यों के यात्रा एवं अन्य खर्चों के लिए ऑनलाइन पैसे ट्रासंफर करते थे, जिसके तहत सूरजू राम टेकाम के यात्रा हेतु लेव्ही का रुपए पैसे दिया गया.

### इन पुलिस अधिकारियों की रही भूमिका

नक्सल विरोधी अभियान अंतर्गत पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव दीपक झा (आईपीएस) के निर्देशन एवं जिला मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह (आईपीएस) के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर (आईपीएस), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) डीसी पटेल के दिशानिर्देश में एसडीओपी मयंक तिवारी द्वारा माओवादियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की गई.

# आज तिरंगा यात्रा को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व डॉ. रमन सिंह दिखायेंगे हरी झंडी

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के द्वारा पूरे देशभर में आज से 13 अगस्त तक चलाये जाने वाले तिरंगा यात्रा अभियान की शुरुआत कल शहर में हो रही है, इसे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व सांसद संतोष पांडेय हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पार्टी द्वारा कल से 15 अगस्त तक राष्ट्रीयता के जागरण के महती उद्देश्य को लेकर हर-घर तिरंगा, तिरंगा यात्रा, महापुरूषों की प्रतिमाओं व स्मारकों के स्थलों की साफ-सफाई फिर उस पर माल्यार्पण तथा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाये जाने वाले है। इसकी



तैयारी पिछले कई दिनों से जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल व उनके टीम के द्वारा की जा रही है। इसके लिये जहॉ मंडल स्तर पर पार्टी की बैठकें हुई है, वही बड़े पैमाने पर विधानसभा व मंडल स्तर तक तिरंगा झंडों का वितरण भी किया जा रहा है, ताकि कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जाकर हर-घर तिरंगा अभियान को सार्थक कर सकें।

इस अभियान के पहले महत्वपूर्ण पड़ाव तिरंगा यात्रा को लेकर मंडल व विधानसभा स्तर पर व्यापक तैयारी की गई है। राजनांदगांव विधानसभा में इस अभियान को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व स्थानीय विधायक तथा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह नये बस स्टैण्ड से दोपहर 12.00 बजे हरी झंडी दिखाकर इस यात्रा को रवाना करेंगे जो पूरे विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख स्थानों का भ्रमण करेगी। शहर भाजपा दक्षिण मंडल के अध्यक्ष तरुण लहरवानी व उत्तर मंडल के अध्यक्ष अतुल रायजादा व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रोहित चन्द्राकर ने इस दौरान कार्यकर्ताओं व नागरिकों से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# बैज का बयान न सिर्फ हास्यास्पद वरन दिमागी दिवालियापन-मधु

## हर घर तिरंगा पर बैज के बिगड़े बोल, मधु ने किया पलटवार

राजनांदगांव (दावा)। पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने प्रदेश सरकार द्वारा किये जा रहे तिरंगा यात्रा के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा दिये गये बयान को दुर्भाग्यपूर्ण, चाटुकारिता एवं मतांधता बताया है। उन्होंने शुक्रवार को राजनांदगॉव प्रवास के दौरान प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा को लेकर दिये गये श्री बैज के बयान को उनकी अज्ञानता करार देते हुए कहा है कि गत वर्ष आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आर.एस.एस. प्रमुख मोहन भागवत द्वारा संघ कार्यालय नागपुर में तिरंगा झंडा फहराया गया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर आसानी से उपलब्ध है।

आर.एस.एस. कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज ना फहराने को लेकर दिये गये बयान की निंदा करते हुए प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने इसे हास्यास्पद, दिमागी दिवालियापन और जानकारी का अभाव बताते हुए कहा है कि श्री बैज को ज्ञान नहीं है कि आर.एस.एस. कोई शासकीय या राजनैतिक संगठन नहीं वरन राष्ट्र की सेवा के लिये समर्पित सेवाभावी राष्ट्रवादियों का संगठन है, जिसका राष्ट्र के प्रति निष्ठा एवं समर्पण निर्विवाद है।



**आर.एस.एस. की राष्ट्र के प्रति निष्ठा एवं समर्पण निर्विवाद है - मधु**

पूर्व सांसद ने श्री बैज से प्रश्न किया है कि जितनी सरलता से आर.एस.एस. कार्यालय में तिरंगा नहीं फहराये जाने पर आपने प्रश्न उठा दिया, उतनी ही आसानी से किसी अन्य समुदाय विशेष के संस्थानों में भी तिरंगा नहीं फहराये जाने पर टिप्पणी करने का साहस आप में है क्या? पूर्व सांसद ने कहा है कि प्रत्येक देशवासी की शान, प्यार, समर्पण का प्रतीक तिरंगा झंडा सिर्फ तीन रंगों के मिलन से बना झंडा नहीं है वरन, यह त्याग और गर्व का प्रतीक है, जो हमें धर्म और जाति से ऊपर उठकर उसके नीचे मिल जुलकर रहने के लिये प्रेरित करता है, जिसे फहराने के लिये देश ने लाखों कुर्बानियॉ दी है। श्री बैज की बातों में ऐसा घमंड है मानो आजादी की ठेकेदार उनकी ही पार्टी है।

बताने की जरूरत नहीं है कि आजादी के लिये किये गये तथाकथित संघर्ष की कीमत भारत देश ने तीन टुकड़ों में विभक्त होकर अदा की है और उस वक्त विभाजन की त्रासदी और नरसंहार जो पूरे देश ने देखा और महसूस किया, उसका जिम्मेदार कौन है, यह भी श्री बैस को स्पष्ट करना चाहिये। देश विभाजन के बाद सामरिक, पर्यटन एवं उत्पादन की दृष्टि से महत्वपूर्ण कई सीमावर्ती क्षेत्रों को म्यांमार, श्रीलंका, चीन को क्यों दान में दे दिया गया, यह कांग्रेस पार्टी को देश को बताना चाहिये। जहॉ तक आवारा पशुओं को खुले में छोड़ने की बात है, तो पशुपालकों में इस प्रवृत्ति को बढ़ावा पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में ही हुआ है, जब केन्द्र की भारी भरकम राशि गौठान, नरवा, घुरवा की आड़ में बंदरबॉट किया गया था।

यदि योजनाबद्ध तरीके और ईमानदारी से गौठान का निर्माण होता तो मवेशी गौठान में होते। आज गौठानो की हालत किसी से छिपी नहीं है। अंत में उन्होंने श्री बैज को सुझाव दिया कि सांसद, विधायक जैसे संवैधानिक पद पर रह चुके व्यक्ति को तिरंगा झंडे की शान में किये जा रहे कार्यो के विरोध से बचने के साथ ही, परिवार विशेष के चाटुकारिता और चापलूसी से बचकर, हर घर तिरंगा जैसे राष्ट्रवादी कार्यक्रम से जुड़कर देशभक्ति की अलख जगाना चाहिये।

# हर घर तिरंगा में महारानी लक्ष्मीबाई हाईस्कूल ने भी निकाली रैली



राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर हर घर तिरंगा फहराने का कार्यक्रम 9 अगस्त से 15 अगस्त तक जारी है, इसी कड़ी में महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल ने भी रैली निकाली।

बी.आर.सिंह भगत सिंह, एवं प्राचार्य चैतराम वर्मा ने कहा कि इस संदेश के माध्यम से हर घर मे तिरंगा फहराकर आजादी का उत्सव मनाया जायेगा, देश के सभी वर्ग समुदाय के लोग इस कार्यक्रम में हिस्सा लें, और अपनी आजादी के 78वें साल को धूमधाम से मनाए। आजादी की इस तिरंगा रैली में महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल की छात्राएं, समस्त स्टॉफ भी उपस्थित रहे।

# पवित्र श्रावण मास में सनसिटी में आज शिवजी का महारुद्राभिषेक



राजनांदगांव (दावा)। पवित्र सावन महीने में सन सिटी परिवार में आज रविवार 11 अगस्त को सुबह 9 से 11 बजे तक योगा शेड में भोलेनाथ भगवान श्री शंकर महादेव के पार्थिव शिवलिंग का महारुद्राभिषेक रखा गया है, जिसे पूरे विधि-विधान से विद्वान ब्राह्मणों द्वारा संपन्न कराया जायेगा। 11.30 से 12 बजे तक होम हवन तथा आरती होगी। इसी क्रम में 12.30 से 1 बजे तक सनसिटी परिवार द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम भी होगा, इसके पश्चात भोजन प्रसादी रखी गई है।

इस भव्य रुद्राभिषेक में पुरुषों हेतु सफेद तथा महिलाओं के लिए लाल कलर परिधान रखा गया है। भव्य रुद्राभिषेक के प्रभारी राजेश डागा, गोविंद मलानी, सुशील माहेश्वरी, अतुल चोपड़ा व परेश पटेल हैं। इस पावन मास में सनसिटी परिवार के अध्यक्ष आनंद चोपड़ा की कोशिश रहती है कि इस तरह का धार्मिक आयोजन हर वर्ष हो। यह जानकारी पीआरओ मनीष साहिता व योगेश कोटक द्वारा दी गई।

# युवा कांग्रेस ने वृक्षारोपण एवं ध्वजारोहण कर बनाया युवा कांग्रेस का 64वां स्थापना दिवस



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय युवा कांग्रेस के 64वां स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष गुरभेज सिंह माखीजा के द्वारा भारतीय युवा कांग्रेस के ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों को त्याग, न्याय, शांति, धर्म, विज्ञान, समृद्धि एवं सत्य की राह पर चलने के लिए शपथ दिलाया और कहा कि युवा कांग्रेस के स्थापना का 64 वर्षों का सफर आधुनिक भारत की कहानी कहता है।

आज का दिन इसलिए और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस दिन युवा कांग्रेस अपने 65वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। स्थापना दिवस के अवसर पर हसदेव के सम्मान में युवा कांग्रेस मैदान में कार्यक्रम के तहत राजनांदगांव जिला युवा कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा लखोली वार्ड में छत्तीसगढ़ के हसदेव जंगल के सम्मान में पौधारोपण किया गया।

युवा कांग्रेस जिला शहर अध्यक्ष गुरभेज सिंह माखीजा ने कहा कि युवा कांग्रेस ने भारतीय कांग्रेस कमेटी के साथ कदम से कदम मिलाते हुए हर स्थिति में सत्य, अहिंसा और संघर्ष के मार्ग पर चला है तथा हमेशा जनता के हित में कदम उठाया है। युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सयोजक नितिन बत्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने भारत की मजबूत नींव रखने में सशक्त भूमिका निभाई है। जिसकी वजह से भारत विश्व में एक मजबूत शक्ति बनकर उभरा है। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि दिनु साहू, युवा कांग्रेस उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष नीलेश पांडे, रणवीर सिंग कंग, सतविंदर सिंह, शुभम प्रजापति, सोनू सिंह, मुकुल सोनवानी, शुभम डोंगरे, गौतम, अमित भीमकार, विशाल, आदित्य, शुभम जंघेल, सहित भारी संख्या में युवा कांग्रेस के सदस्य उपस्थित थे।

# नगर के अभय को सायबर लॉ में पीएचडी की डिग्री

डोंगरगांव (दावा)। नगरवासियों के लिए बड़े गर्व की बात है कि शहर का एक होनहार युवक अभय कुमार तिवारी ने साइबर लॉ में कड़ी मेहनत से सफलतापूर्वक शोध कार्य कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है, बता दें कि नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता बलराज तिवारी एवं भाजपा की वरिष्ठ कार्यकर्ता अपर्णा तिवारी के सुपुत्र अभय को डॉ. प्रियाराव असिस्टेंट प्रोफेसर स्कूल ऑफ़ स्टडीस इन लॉ पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के सुपरविजन में साइबर लॉ में शोधकार्य सफलतापूर्वक पूर्णकर डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है। बता दें कि अभय प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रहा है, उन्होंने बी.ए., एल.एल.बी एवं एल.एल.एम में भी गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। इतना ही नहीं उन्होंने अपने काबिलियत के दम पर दूरदर्शन में भी हुए खास इंटरव्यू में अपनी बातों को प्रमुखता और दृढ़ता से रखा है और सायबर संबंधित अपराधों और बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी थी। उनकी उपलब्धि पर माता-पिता, परिजन, भाई-बंधु सहित नगरवासियों ने बधाई दी है।








स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com